United Bank of India
Head Office
11, Hemanta Basu Sarani
Kolkata – 700001
Tel: 033 2248 1054, Fax: 033 2248 5852
Email: investors@unitedbank.co.in

Board Sec/BSE/AR15-16/ /2016 July 8, 2016

Corporate Relations Cell
BSE Ltd.
P J Tower, Dalal Streer, Fort
Mumbai – 400001

Scrip Code: UNITEDBNK (533171)

Dear Sir,

Sub: Annual Report 2015-16

We enclose herewith Annual Report of the Bank for the year 2015-16. The Bank held its 7th Annual General Meeting on June 28, 2016 at which the same was adopted.

The same is filed under Regulation 34(1) of the SEBI Listing Regulations 2015.

Thanking you,

Bikramjit Shom
Company Secretary & Compliance Officer.

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
(भारत सरकार का उपक्रम)
आपका बैंक

United Bank of India
(A Govt. of India Undertaking)
The Bank that begins with U

www.unitedbankofindia.com

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2015-2016

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
प्रधान कार्यालय
युनाइटेड टावर, 11, हेमन्त बसु सरणी, कोलकाता-700 001
www.unitedbankofindia.com

United Bank of India
Head Office
United Tower, 11, Hemanta Basu Sarani, Kolkata-700 001
www.unitedbankofindia.com

विषय-सूची

- निदेशक मंडल 2
- मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं महाप्रबंधकगण 3-4
- बैंक का संक्षिप्त इतिहास और संकल्प 5
- कार्यनिष्पादन की एक झलक 6-7
- शेयरधारकों को संदेश 8-9
- निदेशकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण 10-29
- कंपनी अभिशासन की रिपोर्ट 30-39
- आचार संहिता की घोषणा 40
- सीईओ-सीएफओ का प्रमाण-पत्र 41
- कंपनी अभिशासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र 42
- स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 43-46
- 31 मार्च, 2016 का तुलन-पत्र 47
- अनुसूची 1 - अनुसूची 12 48-55
- 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा 56-57
- अनुसूची 13 - अनुसूची 18 58-87
- 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण 88-89
- बासेल - III मानदंडों के अन्तर्गत पीलर-3 का प्रकटीकरण 90-125

CONTENTS

- Brief History & Vision Statement of the Bank 129
- Performance at a glance 130-131
- Message to Shareholders 132-133
- Director’s Report & Management Discussion and Analysis 134-152
- Corporate Governance Report 153-162
- Code of Conduct Declaration 163
- CEO-CFO Certificate 164
- Auditors’ Certificate on Corporate Governance 165
- Independent Auditors’ Report 166-168
- Balance Sheet as on 31st March 2016 169-170
- Schedule 1 - Schedule 12 171-177
- Profit & Loss Account for the year ended 31st March 2016 178
- Schedule 13 - Schedule 18 179-207
- Cash Flow Statement for the year ended 31st March 2016 208-209
- Pillar - 3 Disclosure under Basel - III Norms 210-245

निदेशक मंडल /BOARD OF DIRECTORS

श्री पेटलुरी श्रीनिवास
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
Sri Petluri Srinivas
Managing Director & CEO

श्री संजय आर्य
कार्यपालक निदेशक
Sri Sanjay Arya
Executive Director

श्री के वी राममूर्ती
कार्यपालक निदेशक
Sri K V Rama Moorthy
Executive Director

श्री ए के डोगरा
भारत सरकार द्वारा नामित
Sri A. K. Dogra
Nominee-Govt. of India

श्री अर्णब राय
भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित
Sri Arnab Roy
Nominee-Reserve Bank of India

श्रीमती रेणुका मुट्टू
अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक
Smt. Renuka Muttoo
Part-time Non-official Director

श्री प्रत्यूष सिन्हा
शेयरधारक निदेशक
Sri Pratyush Sinha
Shareholder Director

श्री एस. सूर्यनारायण
शेयरधारक निदेशक
Sri S. Suryanarayana
Shareholder Director

श्री संजीब पति
कामगार कर्मचारी निदेशक
Sri Sanjib Pati
Workmen Employee Director

मुख्य सतर्कता अधिकारी / CHIEF VIGILANCE OFFICER

श्री अरुण कुमार वर्मा
Sri Arun Kumar Verma

महाप्रबंधकगण / GENERAL MANAGERS

श्री देबाशीष मुखर्जी
Sri Debashish Mukherjee

श्री नरेश कुमार कपूर
Sri Naresh Kumar Kapoor

श्री विकास सीताराम खुटवाड
Sri Vikas Sitaram Khutwad

श्री संजय कुमार
Sri Sanjay Kumar

श्री रथिन दे
Sri Rathin De

श्री मानस धर
Sri Manash Dhar

मो. आब्दुल वाहिद
Md. Abdul Wahid

श्री उमेश कुमार राय
Sri Umesh Kumar Roy

श्रीमती सुनंदा बसु
Smt. Sunanda Basu

श्री कुंतिला बालाराजू
Sri Kuntilla Balaraju

श्री विनय गंदोत्रा
Sri Vinay Gandotra

श्री गौरी प्रसाद शर्मा
Sri Gauri Prosad Sarma

कंपनी सचिव, अनुपालन अधिकारी एवं निदेशक मंडल के सचिव :

श्री बिक्रमजीत सोम

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक :

मेसर्स राममूर्ति (एन) एंड कंपनी
मेसर्स पी सी बिन्दल एंड कंपनी
मेसर्स एस पी एम आर एंड एसोसियेट्स
मेसर्स नंदी एंड एसोसियेट्स

रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट :

लिंक इनटाइम प्रा. लि.
सी-13 पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउंड्स
एल बी एस रोड, भंडुप (प)
मुंबई - 400 078

पंजीकृत कार्यालय का पता :

युनाइटेड बैंक ऑ़फ़ इंडिया
युनाइटेड टावर
11 हेमंत बसु सरणी
कोलकाता - 700 001

वेबसाइट
www.unitedbankofindia.com
ईमेल
investors@unitedbank.co.in

बैंक का संक्षिप्त इतिहास

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया का एक अभूतपूर्व इतिहास है। एक छोटे से बैंक, कोमिल्ला बैंकिंग कॉरपोरेशन लि. (1914 में स्थापित) के तीन अन्य बैंकों जैसे कोमिल्ला यूनियन बैंक लि. (1922 में स्थापित), हुगली बैंक लि. (1932 में स्थापित) और बंगाल सेन्ट्रल बैंक लि. (1918 में स्थापित) में विलय के साथ 18 दिसम्बर, 1950 में युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया का गठन हुआ। बैंक का प्रधान कार्यालय पहले 4, क्लाइव घाट स्ट्रीट (अब एन.सी.दत्ता सरणी), कोलकाता-700001 में अवस्थित था जो बाद में 11, हेमन्त बसु सरणी, कोलकाता-700001 के वर्तमान स्थान में स्थानांतरित हो गया ।

19 जुलाई, 1969 को 13 अन्य बैंकों के साथ-साथ इस बैंक का राष्ट्रीयकरण हुआ। बाद में कटक बैंक लिमिटेड, तेजपुर औद्योगिक बैंक लिमिटेड, हिन्दुस्तान मर्केटाइल बैंक लिमिटेड और नारंग बैंक ऑफ़ इंडिया लिमिटेड को इस बैंक के साथ विलय कर दिया गया।

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया का क्रमशः विकास हुआ है। राष्ट्रीयकरण के समय 1969 में 174 शाखाओं का नेटवर्क और रु. 259 करोड़ रुपये का व्यवसाय से शुरू करके, वर्तमान में बैंक का व्यवसाय 2011 शाखाओं/ कार्यालयों के साथ कुल रु. 1.87 लाख करोड़ से ज्यादा का है। पूर्वी पाकिस्तान में परिचालित शाखाओं के 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के परिणाम स्वरुप बंद हो जाने से, बैंक ने 2010 में ढाका, बांग्लादेश और बाद में यांगून, म्यंमार में प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित करके अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार किया। बैंक का अन्तर्राष्ट्रीय परिचालन, वैदेशिक बैंकों के साथ खोले गए संवाददाता संबंध के व्यापक नेटवर्क द्वारा समर्थित है।

युनाइटेड संकल्प

हमारा संकल्प व्यावसायिकता, विश्वास एवं पारदर्शिता के वातावरण में, समष्टि अभिशासन और सामाजिक उत्तरदायित्यों के उच्चतम मानकों को अपनाकर, समस्त स्वत्वाधारियों की अपेक्षाओं और अपने कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और जोखिम प्रबंधन पर समुचित बल देते हुए, हमारे देश के एक, व्यवसाय वृद्धि एवं लाभप्रदता पर केंद्रीभूत, गतिशील, प्रौद्योगिकी उन्नत, ग्राहक हितैषी, प्रगामी, आर्थिक रूप में सुदृढ़, अखिल भारतीय बैंक के रूप में उभरना है।

सारत:, सर्वोत्कृष्टता की प्राप्ति ही, हमारे बैंक का आंतरिक दर्शन और प्रेरणा स्रोत होगा।

कार्यनिष्पादन की विशेषताएं

- 31.03.2016 तक बैंक के कुल व्यवसाय में रु. 187813 करोड़ की वृद्धि हुई है।
- कुल जमा राशि में रु. 7583 करोड़ तक वृद्धि हुई।
- 31 मार्च, 2016 तक कासा के अंश में 41.92% का सुधार हुआ।
- 2016 की तिमाही 4 के लिए परिचालन लाभ रु. 245.32 करोड़ और वित्त वर्ष 2016 के लिए यह रु. 1811.80 करोड़ हुआ।
- 2016 की तिमाही 4 के लिए शुद्ध लाभ रु. (413.04) करोड़ और वित्तीय वर्ष 2016 के लिए रु. (281.95) करोड़ हुआ।
- 2016 की तिमाही 4 के लिए शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) रु. 405.45 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2016 के लिए रु. 2280.56 करोड़ हुई।
- 31.03.2016 तक सकल एनपीए रु. 9471.01 करोड़ हुआ।
- वित्तीय वर्ष 2016 के लिए एनआईएम 2.01% रहा।
- 31 मार्च, 2016 तक टियर I में 7.93% के साथ सीआरएआर (बासेल-III) 10.08% हुआ।

कार्यनिष्पादन की एक झलक

राशि करोड़ ₹ में

मानदंड	2013-14	2014-15	2015-16
शाखाओं की संख्या	2001	2004	2011
पूंजी	1354.75	839.52	1319.52
इक्विटी	554.75	839.52	839.52
पी एन सी पी एस	800	0	0
शेयर आवेदन राशि (लंबित आवंटन)	0	0	480.00
प्रारक्षित एवं अधिशेष	3927.91	4988.52	4999.67
पूंजी पर्याप्तता			
बासेल-II	11.46%	11.42%	10.46%
बासेल-III	9.81%	10.57%	10.08%
सकल लाभ	2061.74	2427.94	1811.80
शुद्ध लाभ	-1213.44	255.99	-281.95
कुल जमा	111510	108818	116401
औसत जमा	106010	105410	109138
प्रतिशत वृद्धि	20.75%	-0.57%	3.54%
सकल अग्रिम	67982	69070	71412
औसत सकल अग्रिम	72208	65920	66784
प्रतिशत वृद्धि	18.45%	-8.71%	1.31%
कुल व्यवसाय	179492	177888	187813
प्रतिशत वृद्धि	5.36%	-0.89%	5.58%
निवेश	44876	46798	44934
प्राथमिकता–प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम	28950	28561	29809
शुद्ध ऋण का प्रतिशत / ए एन बी सी	40.10%	40.48%	41.16%
कुल कर्मचारी	16499	15192	14981
प्रति कर्मचारी व्यवसाय	10.67	11.51	12.37

शेयरधारकों को संदेश

प्रिय शेयर धारकगण,

मैं वर्ष 2015-16 के लिए आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट एक ऐसे समय में प्रस्तुत कर रहा हूँ जब सामान्य तौर पर बैंकिंग उद्योग और विशेष तौर पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अर्थव्यवस्था की सुस्ती, कारपोरेट एवं विनिर्माण क्षेत्र की मंदी, सर्वव्याप्त आस्ति संकट से त्रस्त होकर उथल-पुथल के दौर से गुजर रहे हैं। नव विनियामक परिशुद्धतावाद (प्यूरिटैनिज़्म) के कारण यह स्थिति और भी अधिक गंभीर हो गई है। युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया भी इस स्थिति से अप्रभावित नहीं रह सका है।

आर्थिक स्थिति :

जब हम उक्त कठिन परिस्थितियों को समझने के लिए बैंकिंग और आर्थिक जगत की विगत 15 महीनों की घटनाओं का विश्लेषण करते हैं तो पाते हैं कि विद्यमान आर्थिक कठिनाइयों के लिए वैश्विक और स्थानीय दोनों ही कारण जिम्मेदार हैं ।

उन्नत बाज़ारों में बढ़ते हुए वित्तीय उथल पुथल के मध्य वैश्विक सुधार पुनः कमजोर हुआ है। यूएस ने उपाय के तौर पर मात्रात्मक सहजता की शुरूआत की जिसका अनुकरण बाद में ईयू और जापान ने किया। इसका उद्देश्य ब्याज दर को कम करके मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना था । उक्त कार्रवाई से अपेक्षाएँ पूरी नहीं हुईं क्योंकि उससे न तो खपत बढ़ी और न निवेश। प्रणाली में मुद्रा ढालने से केवल ऋण में वृद्धि हुई और परिसंपत्ति के मूल्य में उछाल आया । उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति भी बेहतर नहीं थी। ब्राज़ील और रूस जैसे कुछ देश पहले से ही निराशाजनक आर्थिक मंदी में डूबे हुए हैं। ब्राज़ील में 8 प्रतिशत तक खपत और 10 प्रतिशत तक निवेश कम हो गया तथा जीडीपी में 3.8 प्रतिशत ह्रास हुआ। चीन की स्थिति में काफी गिरावट आई है और दुबारा बुलबुले की तरह फूटने का भय बना हुआ है। यूआन 16 माह के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गया और निर्यात 25 प्रतिशत कम हो गया । चीनी अर्थव्यवस्था में पुनः नरमी आने के भय , इक्विटी मार्केट के अवमूल्यन एवं यूआन के मूल्यह्रास के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था निरंतर किनारे पर अवस्थित रहेगी।

गनीमत है कि भारत में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर करीब 7 प्रतिशत पर कायम है। हालांकि, विभिन्न खंडों /क्षेत्रों के अपने अलग अलग विकास ढांचे हैं। सरकार के जोरदार हस्तक्षेप और पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बावजूद औद्योगिक उत्पादन में अधिक सुधार नहीं देखा गया है। विगत वर्ष अपेक्षा से कम बारिश हुई जिसका अनाज उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस वर्ष हम बहुत अच्छे मानसून की उम्मीद कर रहे हैं। लगभग एक वर्ष से माह दर माह निर्यात गिरता जा रहा है। सेवा क्षेत्र अपने प्रगति पथ को कायम रखे हुए है जिससे तनाव ग्रस्त अर्थव्यवस्था को थोड़ी राहत मिल रही है। मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक के एकलदिशात्मक उपायों से मौद्रिक नीति को सुविधाजनक बनाने के लिए नियामक को मदद मिली।

इस वर्ष की शुरुआत से ही मुद्रास्फीति कुछ कम थी और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई एम डी) की पूर्वसूचना अनुसार यदि मानसून इस साल सामान्य रहा तो मुद्रा स्फीति की यह प्रवृत्ति जारी रहनी चाहिए । इससे कृषि उत्पादन का मूल्य स्थिर करने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में गिरावट, मुख्य रूप से तेल और धातुओं में गिरावट ने थोक मूल्य सूचकांक को हतोत्साहित कर दिया है और भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि तरलता प्रबंधन के साथ मुद्रास्फीति आगे भी बेहतर होगी।

एशियाई विकास बैंक ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि मुख्य रूप से सार्वजनिक निवेश में मंदी, कॉर्पोरेट बैलेंस शीट में निचोड़ तथा निर्यात में गिरावट के कारण वित्तीय वर्ष 2016 में 7.6% से कम होकर वित्तीय वर्ष 2017 में 7.4% हो सकती है।

भारत के बैंक मुख्य रूप से लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता के संबंध में व्यापक रूप से प्रभावित होने के साथ आस्ति गुणवत्ता मुद्दों के कारण जबरदस्त तनाव में हैं।

कुछ अलग अलग बैंकों अर्थात भुगतान बैंक और लघु वित्त बैंक जो पहले से ही विद्यमान हैं, उनके रहते रिजर्व बैंक आगे ऐसे कुछ अधिक बुटीक बैंकों जैसे, संरक्षक बैंक अथवा थोक बिक्री के लिए बैंकों व लंबी अवधि के वित्तपोषण के लिए बैंकों की संभावनाओं का पता लगा रहा है।

बैंक का कार्यनिष्पादन:

आपका बैंक पिछले कुछ वर्षों से कठिन समय से गुजर रहा है। यह प्रवृत्ति 2015-16 में भी जारी रही, यद्यपि इसमें कुछ कमी आई है। व्यापारिक बाध्यताओं ने बैंक को अपनी व्यापार रणनीतियों को एक नई दिशा देने तथा अपने कारोबार मिश्र को एक नयी आकृति प्रदान करने के लिए प्रेरित किया है ।

कार्य निष्पादक संकेतक:

- 31.03.2016 तक कुल रु.187813 करोड़ का व्यवसाय हुआ और इसमें 5.58% की सामान्य वृद्धि हुई।
- कुल जमाराशि रु. 7583 करोड़ (6.97%) की वृद्धि के साथ रु.116401 करोड़ हुई । कम लागत बचत बैंक जमा में काफी वृद्धि हुई, जबकि बैंक ने तरजीही दर पर किसी भी थोक जमा को स्वीकार करने से परहेज किया।
- कासा जो बैंक की मज़बूती है, इसमें वर्षवार 6.64% की वृद्धि हुई है और यह रु.45755 करोड़ से बढ़कर रु.48791 करोड़ हो गया है तथा यह कुल जमा के 41% से अधिक पर लगातार बना हुआ है।
- अग्रिमों में 3.40% का धीमा विकास हुआ है।
- ट्रेजरी आय और अन्य आय घटकों में गिरावट के कारण वित्त वर्ष16 में बैंक का परिचालन लाभ घटकर रु.1812 करोड़ हो गया है, जो पिछले वर्ष में रु.2428 करोड़ था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगातार ब्याज दरों में कटौती की घोषणाओं के बावजूद, पूरे वित्तीय वर्ष में बाजार प्रतिलाभ उंचे स्तर पर कायम रहा लेकिन बहुत अंतिम दौर में इसने बैंक को लाभ करने से बाधित किया। तथापि, हमें उम्मीद है कि इस वर्ष बैंक को पर्याप्त लाभ करने के लिए प्रचुर अवसर होगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित आस्ति गुणवत्ता समीक्षा (एक्यूआर) की पृष्ठभूमि में बढ़ रही अनर्जक आस्ति (एनपीए) और कुछ बड़ी कंपनियों के खातों की स्लिपेज चुनौतीपूर्ण स्थितियों के मुख्य कारक तत्व हैं। अन्य सभी ऑपरेटिंग और वित्तीय मानकों के आधार पर इसका व्यापक प्रभाव रहा है, बैंक ने पिछले वर्ष रु.256 करोड़ के लाभ के मुकाबले, इस वर्ष रु.282 करोड़ का शुद्ध घाटा किया है।
- आधार दर में कटौती के कारण, वर्ष 2015-16 में शुद्ध ब्याज आय रु.2281 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष रु.2491 करोड़ था।
- बैंक का सकल एनपीए रु.9471.01 करोड़ (13.26%) और निवल एनपीए रु.6111 करोड़ (9.04%) रहा।

- वित्त वर्ष16 में, कुल एनपीए वसूली और उन्नयन रु. 2093 करोड़ का हुआ, इसमें से नकदी वसूली रु. 541.42 करोड़ हुई, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में रु.890.35 करोड़ की समग्र कमी हुई है।
- वित्त वर्ष 2016 में एनआईएम 2.01% रहा।
- 31 मार्च 2016 को बासेल-III के तहत सीआरएआर 10.08% था और टीयर I में 7.93%।

व्यापार पहल:

- वर्ष 2016-17 में ऋण देने के लिए बैंक का ध्यान एमएसएमई और खुदरा क्षेत्रों में होगा। बैंक मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत दिए गए लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेगा और अपने खुदरा चैनलों विशेष रूप से आवास, शिक्षा और वाहन ऋण खंडों को मजबूत करेगा।
- पूंजी दुर्लभ और बहुत महंगी है। वर्ष 2016-17 में पूंजी की स्थिति को मजबूत बनाने और इसका संरक्षण करने पर ध्यान दिया जाएगा। अग्रिम देते समय बैंक सरकार की गारंटी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा और उन क्षेत्रों से बचने का प्रयास करेगा, जिसमें पूंजी डूबने की संभावना हो। बैंक अपने संसाधनों को बढ़ायेगा ताकि भविष्य में धन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।
- बैंक अपनी प्रक्रिया और प्रणालियों में तकनीकी सुधार द्वारा और उसे व्यवस्थित करके लगातार अपने उत्पादों एवं सेवाओं का उन्नयन कर रहा है। ई कियोस्क का शुभारम्भ, ऑनलाइन बचत बैंक खाता खोलने की सुविधा, इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से तुरंत भुगतान सेवा (आईएमपीएस) आधारित 24 X 7 निधि अंतरण की सुविधा तथा मोबाइल और इंटरनेट आधारित वालेट सेवाएं इसके कुछ उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ई कियोस्क लगभग एक शाखा की तरह कार्य करता है जहां खुदरा ग्राहकों के लिए सभी सेवाएं आवश्यकतानुसार सुबह-शाम 24/7 उपलब्ध हैं।
- बैंक ने कोटक सिक्यूरिटी लि. के साथ संयुक्त रुप से अपने शेयर व्यापार उत्पाद यू कनेक्ट ट्रायो की शुरूआत की है जो ग्राहकों को घर बैठे ही इंटरनेट पर बैंक खाता, डीमैट खाता और शेयर व्यापार खाता तथा समेकित व्यापार जैसे 1 में 3 खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है।
- बैंक ने अधिक से अधिक नए किसानों को केसीसीनेट के तहत शामिल करने के उद्देश्य से किसान केडिट कार्ड जारी करने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया था। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसरण में बैंक ने केसीसी धारकों को 3.60 लाख रुपे आधारित एटीएम कार्ड जारी किए, यह सभी पात्र केसीसी धारकों का 93% है।
- बैंक ने समाज के आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के संभावित उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के लिए पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा राज्यों में अबतक 14 आरसेटी की स्थापना की है।
- यह बैंक पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है साथ ही उसे चार राज्यों के कुल 34 जिलों में अग्रणी बैंक का दायित्व भी सौंपा गया है जिनमें से 10 जिले पश्चिम बंगाल में 12 असम में, 4 मणिपुर में और 8 त्रिपुरा राज्य में फैले हुए हैं।
- बैंक अपने पुराने ढांचे की मौजूदा नेटवर्क संरचना को पूरी तरह से सुधारने के लिए उसे उन्नत मल्टीप्रोटोकॉल लेवेल स्विचिंग (एमपीएलएस) तकनीक में परिवर्तित कर रहा है । साथ ही अत्यधिक उपलब्धता और बेहत्तर कार्यनिष्पादन के लिए अपने नेटवर्क बैंडविथ का भी उन्नयन कर रहा है । बैंक ने बैंडविथ रिच बैंकिंग एप्लीकेशन को सहजतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए नेटवर्क की कार्यक्षमता में सुधार हेतु सभी शाखाओं में वाईड एरिया नेटवर्क (डब्ल्यू ए एन) ऑपटिमाईजेशन सॉल्यूशन विकसित किया है।
- बेहतर वसूली के लिए, बैंक ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम), जिसके तहत शाखाओं में बैंक सखी/ बैंक मित्र को नियुक्त किया गया है, उनकी सहायता से समुदाय आधारित वसूली तंत्र (सीआरबीएम) में प्रतिभागिता करना आरंभ किया है ।
- बैंक ने ग्राहकों की संतुष्टि के लिए त्वरित सेवाएं, नए उत्पादों/सेवाओं की शुरुआत और अल्प टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) जैसी सुविधाओं के माध्यम से विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाएं हैं। बैंक ने त्वरित, निष्पक्ष एवं भेदभाव रहित निवारण तंत्र की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) के रुप में एक पोर्टल की शुरुआत की है।

सीएसआर

- बैंक ने 71 समाज कल्याण गतिविधियों के लिए कुल रु. 2.13 करोड़ की वित्तीय सहायता पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदान की है ।

पुरस्कार

- आपके बैंक को त्रिपुरा राज्य में एसएलबीसी संयोजक के रूप में अधिकतम उप सेवा क्षेत्र को शामिल करने, बांकुड़ा जिले में अग्रणी जिला प्रबंधक के रूप में किसी बैंकर द्वारा किसी एक जिले के अंतर्गत अधिकतम उप सेवा क्षेत्र को शामिल करने, पश्चिम बंगाल राज्य में एसएलबीसी संयोजक के रूप में पहचान किए गए अधिकतम घर परिवार को शामिल करने के संबंध में अधिकतम प्रतिशत उपलब्धियों के लिए मान्यता प्रमाणपत्र तथा कूचबिहार शाखा द्वारा पीएमजेडीवाई खातों में कुल जमा संग्रहण हेतु तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

कौशलविकास

- सेवा क्षेत्रों में बने रहने के लिए कौशलविकास, विशेष रुप से सॉफ्ट स्किल्स अनिवार्य हो गया है। एक उन्नत भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने विशेष आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है जहां नव नियुक्त अधिकारियों को उनके स्थायी तैनाती के पहले ही 16 सप्ताह के लिए क्लास रुम प्रशिक्षण और व्यवहारिक प्रशिक्षण एक साथ प्रदान किया जा रहा है।
- बैंक के पास एक मेंटरिंग प्रक्रिया है जिसमें अनुभवप्राप्त कार्यपालक नव नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हैं।
- बैंक ने एसडब्ल्यूओ के लिए नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंफोरमेशन टेक्नोलोजी लि. (एनआईटीटी) और इंस्टिट्यूट ऑफ फाइनान्स, बैंकिंग एंड इन्श्यूरेंस (आईएफबीआई) के साथ 3 वर्षो के प्रीक्षण कार्यक्रम हेतु सहमति ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षिरत किया है।
- मौजूदा अधिकारियों के आधारभूत ज्ञान को लगातार अद्यतन करते रहने तथा बैंकिंग और वित्त के विभिन्न पहलुओं पर विचारों का आदानप्रदान करने के लिए उन्हें मंच प्रदान करने हेतु बैंक ने 'क्वेस्ट' नाम से एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल की शुरूआत की है।

मैं केन्द्र सरकार को उनके अनवरत सहयोग, भारतीय रिज़र्व बैंक को उनके मार्गदान, सेबी और स्टॉक एक्सचेंज, बैंक के बहुमूल्य ग्राहकों एवं शेयरधारकों को हर परिस्थिति में प्रोत्साहन के साथ बैंक का साथ देने, युबीआई परिवार के सभी सदस्यों और कर्मचारियों को इस बड़े संस्थान की गरिमा बनाए रखने में अथक सहयोग देने के लिए, उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं ।

यह मेरी अंतिम वार्षिक आम बैठक है। मैं व्यक्तिगत रुप से इस बैंक और इसके सभी घटकों को शुभकामना देता हूं।

पि. श्रीनिवास

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

निदेशकों की रिपोर्ट

बैंक की 66वीं वार्षिक रिपोर्ट और उसके साथ 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 2015-16) का परीक्षित तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखा तथा व्यवसाय और परिचालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए निदेशक मंडल को प्रसन्नता हो रही है।

प्रबंधन विवेचना और विश्लेषण

1. **आर्थिक वातावरण**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाः

2008 के संकट के बाद अनेक देशों में आंशिक सुधार हुआ यद्यपि उसका आधार कमजोर रहा। उन आधारों के बिखराव के विभिन्न कारण हैं तथा कुछ देश पहले से ही आर्थिक मंदी की स्थिति में हैं और कुछ अन्य देश उसकी दहलीज पर खड़े हैं। अत्यधिक उथल-पुथल, भ्रम और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है जिसे कुछ लोग वीयूसीए (वोलैटिलिटी,अनसर्टेटी, कम्प्लेक्सीटी, ऐम्बिग्विटी) का नया रूप कहना पसंद करेंगे।

2008 के बाद स्थिति मे सुधार बहुत हद तक सरकारी निधियन पर निर्भर था। संयुक्त राष्ट्र (यू एस) ने गुणात्मक सुविधा की खोज की जिसका अनुकरण बाद में ई यू और जापान ने किया। इसका उद्देश्य ब्याज दर को कम करके मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करना था। ये उद्देश्य पूरे नहीं हो सके क्योंकि न तो खपत बढ़ी और न निवेश। अर्थव्यवस्था में मुद्रा ढाली गई किन्तु इससे केवल ऋण अधिक हुआ और परिसंपत्ति के मूल्य में उछाल आया।

ईयू में कुछ देश अधिमूल्यांकित (ओवर वैल्यूड) यूरो के कारण प्रगति नहीं कर सके और इसके दबाव में बिखर गए। पुर्तगाल, आयरलैंड, ग्रीक, इटली, स्पेन की हालत बदतर रही तथा उनके द्वारा अपनाए गए मितव्ययिता उपायों के कारण वृद्धि कठिन हो गई है। यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा शुरू की गई नकारात्मक ब्याज दर के बावजूद यहाँ तक कि फ्रांस और जर्मनी को भी विकास करना कठिन हो गया । ईयू में बेरोजगारी 9% से अधिक है। ब्रिटेन के ईयू से अलग रहने से यह दबाव और अधिक बढ़ेगा।

उभरती बाजार अर्थ-व्यवस्था बेहतर स्थिति में नहीं है। ब्राज़ील और रूस जैसे कुछ देश पहले से ही आर्थिक मंदी में डूबे हुए हैं। ब्रीक्स देशों में केवल चीन और भारत में उच्च सकारात्मक वृद्धि की स्थिति है हालांकि चीन की हालत में काफी गिरावट आई है और उसके बुलबुले की तरह फूटने का भय बना हुआ है। यूआन 16 माह के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गया है तथा निर्यात में 25 प्रतिशत की कमी हुई है। चीनी अर्थव्यवस्था के और अधिक कमजोर होने, इसके इक्विटी मार्केट के गिरने एवं मुद्रा का मूल्यह्रास होने के भय के कारण वैश्विक आर्थिक संभाव्यता पर अंधकार छाया हुआ है। जनवरी में चीन से पूंजी प्रवाह के कारण उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (ए ई) तथा उभरते बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ई एम डी ई) दोनों में विक्रय अवरुद्ध हुआ जिससे करेंसी का अधिक मूल्यह्रास हुआ एवं अस्थिरता बढ़ी। ए ई में सुधार की संभावना अनिश्चित होने के अतिरिक्त, इस प्रकार के उथल-पुथल का मुख्य कारण चीन में मंदी की वास्तविक संभाव्यता है। जीएफसी के बाद वैश्विक आर्थिक निष्पादन को चीन की वृद्धि और मांग, विशेषतः वस्तुओं [तेल,औद्योगिक धातुओं इत्यादि] की मांग का समर्थन मिलता रहा है। इसके लिए व्यापक मूलभूत सुविधाओं के निर्माण हेतु समर्थन की आवश्यकता है। यह कहा जा रहा हैं कि वास्तव में चीन अब अगले कुछ वर्षों में स्टील और कोयला खानों जैसे क्षेत्रों में अपनी अतिशय क्षमता को कम करना चाहता हैं। इस प्रकार वर्तमान स्थिति में इस क्षेत्र में कार्यकलाप बढ़ने की कम संभावना दिखाई देती है। इसके साथ ही इस भारी व्यय के लिए निधि प्रदान करने वाले बैंकों और स्थानीय निकायों के वित्तीय स्वास्थ्य के समक्ष प्रश्न चिह्न लगाया जा रहा है। भारत में कारपोरेट लाभ कम हो गया है और निजी क्षेत्र में निवेश की स्थिति में सुधार होने में समय लगेगा।

अनेक देशों विगत मंदी जैसी स्थिति विद्यमान है। खुदरा बिक्री कम हो गई है, फैक्ट्री ऑर्डर कम हो गए हैं, कारपोरेट लाभ गिर गया है, वस्तुओं के मूल्य कम हुए हैं, निर्यात घट गया है किन्तु उनके केंद्रीय बैंकों के पास स्थिति को सम्हालने की थोड़ी संभावना है। ब्याज दर पहले से ही नकारात्मक है तथा उच्च ऋण की अधिकता है । इससे यह भय पैदा हो गया है कि आर्थिक मंदी कहीं आसपास ही मड़रा रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्थाः

अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक की दर से नियमित रूप से बढ़ती रही है, हालांकि अलग अलग सेक्टरों की अपनी अलग अलग गतियां हैं। पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बावजूद औद्योगिक उत्पादन में अधिक सुधार नहीं हुआ है। विगत वर्ष में मानसून वृष्टि कम हुई और अनाज उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। सेवा क्षेत्र में गति बनी रही। एक वर्ष से अधिक समय से प्रति माह निर्यात गिरता जा रहा है। मुद्रा स्फीति 5.5 प्रतिशत से कम थी जिसके कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रा नीति को आसान किया। अधिकांश मानदंड सकारात्मक हैं तथा विकास का संकेत दे रहे हैं ।

कृषि :

पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण मूल्यों पर कोई दबाव नहीं था। हालांकि, जीडीपी में योगदान और खाद्य पदार्थों की खपत की दृष्टि से खाद्यान्नों की तुलना में गैर-खाद्यान्न क्षेत्र अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है। उदाहरण के लिए भारत अब सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। यह वैश्विक स्तर पर लगभग 18.5 प्रतिशत दूध उत्पादन करता है जो हमारे जीडीपी का 1 प्रतिशत है ।

2016-17 के केंद्रीय बजट में कृषि विकास के लिए अपेक्षाकृत बहुत अधिक निधि आबंटित की गई है तथा सिंचाई और फसल बीमा पर विशेष बल दिया गया है । यह न केवल किसानों की आय में सुधार के लिए बल्कि मुद्रास्फीति को रोकने के लिए भी आवश्यक था।

उद्योग :

कुछ उद्योगों में सुधार हो रहा है। अब तक कार उत्पादन सबसे ज्यादा हुआ है और मार्च में, इसमें करीब 5 फीसदी की वृद्धि हुई है। दुनिया में मांग और अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के

कारण अन्य उद्योगों जैसे स्टील में गिरावट की वजह से गतिहीनता आई है। कॉर्पोरेट बैलेंस शीट दबाव (स्ट्रेस्ड) की स्थिति को दर्शाते हैं। उपभोक्ता के सकारात्मक भावनाओं के बावजूद मुनाफे में गिरावट आई है।

निवेश

वित्तीय वर्ष 11 से, जब निजी क्षेत्र में निवेश रु.3.1 त्रिलियन की उचांई पर पहूंचने के बाद, अब इसमें तेजी से कमी आ रही है। इनके कारण थे। पहला, इसके 20 प्रतिशत की सीमा तक क्षमता का न्यूनतम उपयोग किया गया है; दूसरा, कम मुनाफे और अस्थिर बाजार ने आईपीओ को मुश्किल बना दिया है, कंपनियों को ऋण पर अधिक निर्भर होना पड़ा है जिसके चलते व्यवसायी उधारकर्ता को पुनर्भुगतान करना मुश्किल हो गया है और व्यापार ऋण लेने वालों के लिए और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सरकार के लिए एक मुद्दा बन गया है।

जनवरी-मार्च 2016 में, अपेक्षित निवेश ठप परियोजनाओं के मूल्य सकल घरेलू उत्पाद का 8.4 प्रतिशत हो गया है। यदि ये निवेश फलवान होता तो जीडीपी की विकास दर 2 फीसदी अधिक होता।

'मेक इन इंडिया' ने विशेष रूप से रक्षा उद्योगों में विदेशी निवेश में कुछ रुचि पैदा की है। वर्ष 2015-16 के पहले 11 महीनों में, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश $31.6 बिलियन था जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 20% अधिक है।

शेयर बाजार

कई एक कारणों से बाजार अस्थिर हो गया है। वास्तव में घरेलू कारकों की तुलना में, अंतरराष्ट्रीय घटनाएं घरेलू बाजार को काफी अधिक प्रभावित करती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मुद्रा नीति, चीन में मंदी या मध्य पूर्व में अराजकता की स्थिति के रुख ने भारत में कंपनियों द्वारा की गई कमाई की तुलना में बहुत अधिक प्रभावित किया है।

अधिकांश भागो में एफआईआई निवेश नकारात्मक था। 2015 के पहले तीन महीनों मार्च के निवेश, शेष महीनों के बाकी हिस्सों में विनिवेश द्वारा रद्द हो गया है। अप्रैल के पहले सप्ताह में निवल बिक्री हुई थी।

मुद्रास्फीति:

इस साल की शुरुआत से मुद्रास्फीति में कुछ कमजोरी थी। यह प्रवृत्ति जारी रहेगी यदि आईएमडी की भविष्यवाणी के अनुसार इस साल मानसून सामान्य रहा। यह कीमतों को स्थिर करेगी, क्योंकि मुद्रास्फीति कृषि की शुरुआती बिंदु है। अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी, मुख्यत: तेल और धातुओं की कीमते कम हो रही हैं, जिसने डब्ल्यूपीआई को कम कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि तरलता के बेहतर प्रबंधन से मुद्रास्फीति में कमी आयेगी।

बाह्य व्यापार :

धीमी विश्व अर्थव्यवस्था ने लगभग हर देश के निर्यात को कम किया है। व्यतिक्रम अभी तक नहीं आया है। भारत का निर्यात $350 बिलियन के लक्ष्य से 15 प्रतिशत से अधिक कम हो गया है। लेकिन भारत को सेवाओं के निर्यात में लाभ हुआ है जिसने आंशिक रूप से व्यापार घाटा का अंतर को कम किया है। इसके अलावा, आयात में भी गिरावट आई है और इसके परिणामस्वरूप चालू खाता घाटा (सीएडी) कम होकर सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत हो गया है।

संभावनाएँ :

विभिन्न संस्थाओं द्वारा 2016-17 में विकास दर 7.4 से 7.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। यह भी सहमति है कि यदि सरकार वास्तविक सुधारों और शासन में सुधार करती है तो निवेश अधिक होगा और विकास 8 प्रतिशत को पार कर जाएगा। पिछले बजट में यह उम्मीद थी कि आगे अर्थव्यवस्था में विस्तार होगा। ऐसा हुआ नहीं। जीएसटी और प्रवेश और निकास नीति संकट में है और उन्हें यथाशीघ्र लागू करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की जरूरत है।

सरकार कम ब्याज दर शासनप्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है। यह उम्मीद की जाती है कि कम ब्याज दरों से निजी क्षेत्र में निवेश में वृद्धि और विकास तथा रोजगार उत्पन्न होगा, जो अभी पीछे है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के ब्याज दर नीति में कटौती करने के लिए और वित्तीय बाजार में दर कम करने के लिए जमीन तैयार करेगा।

सरकार ने विनियमित ब्याज दरों को कम कर दिया है।

तथापि, कम ब्याज दर से कैपेक्स में वृद्धि होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि निवेश अन्य कई कारकों पर निर्भर करता है। ब्याज दरों में गिरावट के बावजूद, वर्ष 2011 के बाद से निजी क्षेत्र के निवेश में कमी आ रही है लेकिन एक लंबी अवधि की रणनीति के रूप में कम ब्याज निस्संदेह वांछनीय है।

अमेरिका, यूरोपीय संघ और जापान में ब्याज दर कई वर्षो से शून्य के आसपास या नकारात्मक रही है। लेकिन न तो खपत और न ही निवेश को पुनर्जीवित किया गया है। भारत को निवेश की आवश्यकता है और यदि सही सुधारों की पहल की गई और आसान प्रवेश और निकास सुनिश्चित की गई तो निवेश का पुनरुत्थान किया जा सकता है, जो उच्च विकास और रोजगार के लिए महत्वपूर्ण है ।

मौद्रिक और बैंकिंग विकास

5 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक ने 25 बीपीएस तक रेपो दर में कटौती के साथ वर्ष 2016-17 के लिए अपनी पहली द्विमासिक नीति की घोषणा की। कुशल चलनिधि प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई। चूंकि 25 बीपीएस की कटौती पहले से ही हो चुकी थी इसलिए स्टॉक मार्केट ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं की। हालांकि कुछ बैंकों ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर ब्याज दर को कम कर दिया है।

भारत में पूरे बैंकिंग उद्योग तनावग्रस्त आस्तियों के बढ़ने के कारण उच्च तनाव में है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए यह विशेष रूप से सच है कि उन्हें 3 करोड खरब ऋण की वसूली करनी है। कॉरपोरेट वांछित परिणाम नहीं दे पाया और एक बेहतर वैकल्पिक नीतिगत ऋण पुनर्गठन (एसडीआर) की शुरुआत हो गई है, लेकिन इसका पूरा प्रभाव आना बाकी है भारतीय रिजर्व बैंक के बड़े निवेश जोखिम फ्रेमवर्क और बाजार तंत्र के माध्यम से क्रेडिट की आपूर्ति बढ़ाने पर दिशा निर्देशों के साथ आने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने भी

प्रतिभूतिकरण ढांचा, जो जनवरी 2018 तक लागू किया जाना है बीसीबीएस संशोधन के आलोक में प्रतिभूतिकरण ढांचे पर दिशानिर्देशों में संशोधन का कार्य करेगा।

हाल ही में विभिन्न लाइसेंस प्राप्त बैंक जैसे, भुगतान बैंकों और लघु वित्त बैंकों के अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक अन्य विभिन्न बैंकों जैसे कस्टोडियन बैंक तथा थोक बिक्री और दीर्घावधि वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रीत करने वाले बैंकों को लाइसेंस प्रदान करने की संभावनाओं की तलाश कर रहा है।

वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन के अंतर्गत गुणवत्ता आस्ति और हानि आस्तियों की वसूली के क्षेत्र में वांछित परिणाम को पाने के लिए प्राथमिकता दी गई । विकास, लाभप्रदता, दक्षता, उत्पादकता, और शोधन क्षमता के मुख्य कार्यनिष्पादन संकेतक निम्नप्रकार हैं:

वित्तीय वर्ष 2014-15 में बैंक के परिचालन लाभ 2427.94 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 1811.80 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ दर्ज करते हुए, 616.14 करोड़ रुपये (25.37%) का ह्रास दर्ज किया गया। वित्तीय वर्ष 2014-15 में बैंक का शुद्ध लाभ रु.255.99 करोड़ की तुलना में 2015-16 में बैंक का शुद्ध लाभ रु.(-281.96) करोड़ रहा। **प्रति कर्मचारी सकल लाभ मार्च, 2015 को रु.15.98 लाख से कम होकर मार्च, 2016 को यह रु.12.09 लाख हो गया।**



प्रमुख वित्तीय अनुपात (%)	मार्च 2015	मार्च 2016
निधियों की लागत	6.38	6.16
निधियों पर प्रतिफल	8.44	7.99
जमा की लागत	6.88	6.58
अग्रिम पर प्रतिफल	10.80	9.93
निवेश पर प्रतिफल	8.04	8.02
एडब्ल्यूएफ का % के रूप में विस्तार	2.07	1.89
शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम)	2.21	2.01
एडब्ल्यूएफ के परिचालन व्यय	1.50	1.61
औसत आस्तियों पर लाभ	0.21	(-)0.22
इक्विटी पर लाभ	5.16	(-)6.01
प्रति कर्मचारी व्यापार (रुपए करोड़ में)	11.53	12.37
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (रुपए करोड़ में)	1.69	(-)1.88
बही मूल्य	59.20	50.14

एडब्लूएफ औसत कार्यशील निधि

आय और व्यय विश्लेषण



वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक की ब्याज आय रु.10180.48 करोड़ की तुलना में 2015-16 में रु.9936.67 करोड़ अर्जित हुई । अग्रिम में ब्याज आय वृद्धि का मुख्य कार्य होने के कारण, ब्याज दर प्रभारित किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दर कटौती के लाभ को लागू करते हुए वर्ष 2015-16 में बैंक ने अपनी आधार दर में दो बार कटौती की। गैर-ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2014-15 में रुपये 1746.91 करोड़ से 279.38 करोड़ (15.99%) घटकर वित्तीय वर्ष 2015-16 में रु. 1467.53 करोड़ रुपये हो गया है। अग्रिमों पर प्रतिलाभ मार्च 2015 में 10.80% की तुलना में मार्च 2016 में 9.93% तक की गिरावट आई।

ब्याज व्यय 2014-15 में रु. 7689.82 करोड़ की तुलना में 2015-16 में रु. 33.71 करोड़ के ह्रास के साथ रु.7656.11 करोड़ हुआ। सभी कोष्ठक में खुदरा मीयादी जमाराशियों पर ब्याज दर के ह्रास के साथ कम ब्याज व्यय सुनिश्चित किया गया। उच्च लागत जमा के क्रमश: विस्तार द्वारा कम ब्याज का सुनिश्चित किया गया। जमा की लागत 2014-15 में 6.88% से कम होकर 2015-16 में 6.58% हो गया। बैंक ने अपने परिचालन व्यय में 7.00% तक रु.126.66 करोड़ राशि की वृद्धि जारी रखा।



व्यापार वृद्धि

जमाराशि

बैंक की जमाराशि 31 मार्च, 2016 तक 6.97% की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए 116401 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। 31 मार्च, 2016 तक बैंक की बचत जमा राशि 10.86 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए रु.40810 करोड़ तक पहुंचा। कुल जमा राशि में कासा जमा का अंश 31 मार्च, 2016 तक 41.93% हुआ। बैंक की खुदरा मीयादी जमाराशि 8.28% की वृद्धि के साथ रु61818 करोड़ हुई। कुल जमाराशि में थोक जमाराशि और अधिमान्य दर में जमाराशि का अंश पुनः कम होकर क्रमशः 4.97% और 1.31% हो गया।



बैंक के ग्राहक अधिग्रहण अभियान के परिणाम स्वरूप बैंक का ग्राहक आधार मार्च 2015 में 3.60 करोड़ से बढ़कर मार्च 2016 में **3.93 करोड़** हो गया।

अग्रिम

बैंक के कुल ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि होने लगी है। 31 मार्च, 2016 तक बैंक के सकल अग्रिम में रु. 2342 करोड़ (3.39%) की वृद्धि हुई और यह रु. 71412 करोड़ तक पहुंच गया। ऋण जमा अनुपात 31 मार्च, 2016 को 61.35% हुआ। बैंक ने एएनबीसी का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम के लिए निर्धारित लक्ष्य 40% प्राप्त कर लिया। खुदरा ऋण उत्पादों के गहन विपणन के परिणाम स्वरूप आवास ऋण में वृद्धि के साथ खुदरा अग्रिम में काफी वृद्धि हुई।



बैंक का गैर खाद्य ऋण रु. 67667 करोड़ से बढ़कर रु. 70046 करोड़ हो गया, जबकि खाद्य ऋण 31 मार्च, 2015 को रु. 1403 करोड़ से कम होकर 31 मार्च, 2016 के अंत तक रु. 1366 करोड़ हो गया ।

कुल व्यवसाय



चालू वित्त वर्ष 2015-16 के अंत तक बैंक का कुल कारोबार रु. 187813 करोड़ तक पहुंच गया।

प्रति **कर्मचारी करोबार** के आधार पर तैयार उत्पादकता, 31 मार्च, 2015 को रु. 11.51 करोड़ से वृद्धि होकर 31 मार्च, 2016 तक **रु. 12.37** करोड़ हो गई है।

खुदरा ऋण परिचालन

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक का जोर खुदरा ऋण पर रहा है। बैंक खुदरा ऋण स्वीकृत करने पर विशेष जोर देते हुए आवास ऋण एवं और बंधक ऋण पर विशेष ध्यान दिया है जो खुदरा ऋण के लिए प्रमुख योगदान कर रहे हैं और यह बैंक के खुदरा ऋण संविभाग के 65.03% है।

कार्यनिष्पादनः

वित्तीय वर्ष 2015-16 में, खुदरा ऋण के तहत 601.41 करोड़ रुपये की सकारात्मक वृद्धि देखी गई है, यह 31 मार्च, 2015 के रु. 12050.95 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2016 को 12652.36 करोड़ हो गया है एवं इसमें वर्षवार 4.99% की वृद्धि दर्ज की गई है।

इस अवधि के दौरान विकास मुख्य रूप से आवास ऋण खंड के खाते में हुआ है, जिसके चलते इसमें रु. 5969.67 करोड़ की सकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई है, यह 31 मार्च, 2015 के रु. 5092.74 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2016 को रु. 5969.67 करोड़ हो गया है एवं इसमें 1722 की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है।

शुरू की गई विशेष पहल :

- आवास ऋण में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ गठबंधन (टाईअप) पर विशेष जोर दिया है। प्रतिष्ठित बिल्डरों से उनके आगामी आवासीय परियोजनाओं में गठबंधन किया गया है और वे अपने ब्रोशर में बैंक के नाम आवास ऋण बाजार में दृश्यता को बढ़ाने के लिए प्रकाशित कर रहे हैं।
- शिक्षा ऋण खंड के विकास को बढ़ावा देने के लिए बैंक लगातार प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों के साथ गठबंधन किया है।
- भारत के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत सर्वाधिक मेधावी और प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एक विशेष ऋण योजना के तहत अतिरिक्त विशेष लाभ के साथ साथ उन्हें कम ब्याज दर पर ऋण की पेशकश की है।
- शिक्षा ऋण योजना के तहत ऋण प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए क्रेडिट गारंटी कवरेज हेतु प्रक्रिया की शुरूआत की गई है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत युनाइटेड अफोर्डेबल हाउसिंग ऋण योजना के नाम से सब्सिडी सहित आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निम्न आय समूह के लिए योजना की शुरुआत की गई है। आवास ऋण के एक हिस्सा के रूप में रूफ टॉप सोलर लाइटिंग उपकरण नई योजना शुरूआत की गई है।
- वित्त वर्ष के दौरान वेतनभोगी, व्यावसायिक एवं स्वरोजगार और व्यापारियों और किसानों एवं बैंक मित्र के लिए युनाइटेड टू व्हीलर ऋण योजना शुरू की गई है।
- बैंक सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप विद्या लक्ष्मी पोर्टल को एकीकृत किया है ताकि छात्र आवेदन ऑनलाइन कर सके और आसानी से शिक्षा ऋण ले सकें।
- सरकार की ब्याज सहायता योजना का बैंक एक सदस्य है, सरकार के मार्ग निर्देश के अनुसार योग्य शिक्षा ऋण लेने वालों को ब्याज सहायता प्रदान की जा रही है।
- खुदरा ऋण योजनाओं के ब्याज दर में उपयुक्त संशोधन कर, इसे अधिक प्रतिस्पर्धी और आकर्षक बनाया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2015-16 में, खुदरा ऋण जैसे हाउसिंग और शिक्षा ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा कई आवेदकों के बीच में अधिक सफल रहा है और अब सक्रिय रूप से इसे प्राप्त करने के लिए वे इस परेशानी मुक्त प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षा ऋण आवेदन को अविलम्ब सिद्धांत रूप में स्वीकृति प्रदान किया जा रहा है।
- आवास, कार और टू व्हीलर ऋण की सुविधा के लिए एसएमएस सुविधा के शुरू की गई है।
- खुदरा ऋण उत्पाद, मुख्य रूप से आवास, बंधक और कार ऋण से संबंधित व्यापक प्रचार नगर एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों में विज्ञापन प्रदर्शित कर और शाखा परिसर के भीतर और बाहर बैनर द्वारा तथा एफएम रेडियो / टीवी चैनल में विज्ञापन देकर खुदरा ऋण उत्पादों का विस्तृत विज्ञापन किया गया है।
- बैंक के आधिकारिक फेस बुक पेज का शुभारंभ किया गया है बैंक के उत्पादों / सेवाओं और ऑफरिंग पर नवीनतम जानकारी की सुविधा प्रदान किया गया है और खुदरा उत्पादों के लिए एक प्रमुख विपणन उपकरण के रूप में उभरा है।
- एक सर्मर्पित विपणन टीम द्वारा विपणन प्रयास को तेज किया गया है, जिसमें योग्य विपणन अधिकारियों द्वारा बैंक के खुदरा उत्पादों का विपणन किया जाता है।

खुदरा ऋण केन्द्र

तेजी से मूल्यांकन और ऋण प्रस्तावों के प्रसंस्करण में पेशेवर दृष्टिकोण के लिए बैंक ने खुदरा ऋण केन्द्रों की स्थापना की है, जिससे ऋण मंजूरी की प्रक्रिया परेशानी मुक्त बनाई जा सके और इसमें लगने वाला समय (टीएटी) कम किया जा सके। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक के 23 क्षेत्रों में 24 खुदरा ऋण केन्द्र कार्यरत हैं, जिसमें वित्त वर्ष 2014-15 में 5373 खुदरा ऋण प्रस्तावों में रु. 756.93 करोड़ स्वीकृत किया गया और इसके मुकाबले इस वर्ष में 6955 खुदरा ऋण प्रस्तावों में रु. 1028.83 करोड़ स्वीकृत किया गया है।

ट्रेजरी और अंतरराष्ट्रीय परिचालन

बैंक के निवेश पोर्टफोलियो में 31.03.2015 को 43440 करोड़ रुपये से बढ़कर, 3.44% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2016 को 44934 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक के एसएलआर निवेश पोर्टफोलियो 31.03.2015 को 35020 करोड़ रुपए से बढ़कर दिनांक 31.03.2016 को 36009 करोड़ रुपए हो गया है। पोर्टफोलियो संशोधित अवधि एक वर्ष के पहले 4.62% की तुलना में बढ़कर मार्च 2016 में 4.66% हो गया है। बिक्री हेतु उपलब्ध (ए एफ एस) पोर्टफोलियो की संशोधित अवधि मार्च 2015 को 3.73% से बढ़कर मार्च, 2016 को 3.59% हो गया है।

बैंक ने वर्ष 15-16 के दौरान ट्रेजरी के घरेलू खंड से कुल रु. 824 करोड़ का व्यापार लाभ किया था। वर्ष 15-16 के दौरान निवेश पर औसतन प्रतिलाभ 8.28% हुआ और वर्ष 15-16 के दौरान निवेश पर प्रतिफल 8.02% हो गया।

31.03.2016 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक का विदेशी मुद्रा कारोबार कुल रू. 15089.59 करोड़ का हुआ, जिसमें निर्यात के तहत रू. 3606.59 करोड़, आयात के तहत रू. 4430.40 करोड़ और धनप्रेषण के तहत रू. 7052.60 करोड़ शामिल है।

31.03.2016 तक बैंक का बकाया निर्यात ऋण रू. 1207.27 करोड़ रहा। बैंक ने वर्ष 2014-15 के दौरान रू. 97 करोड़ के एवज में वर्ष 2015-16 के दौरान रू. 135 करोड़ का विनिमय आय प्राप्त किया।

बैंक की वैदेशिक अवस्थिति दो देशों जैसे; म्यांमार और बांगलादेश में है। ढाका, बांगलादेश और यांगून, म्यांमार प्रत्येक में एक प्रतिनिधि कार्यालय है। इंडो म्यांमार का व्यापार हमारे बैंक के जरिए किया जाता है। बांगलादेश के 25 बैंकों द्वारा यूएसडी और यूरो मुद्रा में (38) वोस्ट्रो खाते और म्यांमार के (15) बैंकों द्वारा यूरो, यूएसडी, एसजीडी मुद्राओं में (23) वोस्ट्रो खातों का हमारे बैंक में परिचालित किया जाता है। ग्लोबल आईएमई बैंक लि. नेपाल और म्यांमार इकोनोमिक बैंक लि., द्वारा हमारे बैंक में आईएनआर में वोस्ट्रो खाता परिचालित करते हैं।

बैंक का अंतर्राष्ट्रीय परिचालन वैदेशिक बैंकों की 616 से भी अधिक शाखाओं के साथ पारस्परिक रिश्तों के व्यापक नेटवर्क से जुड़ा है जिसके अंतर्गत 8 मुद्राओं में वैदेशिक बैंकों में 18 नोस्ट्रो खाते खोले गए हैं।

अन्य सेवाएं

मर्चेंट बैंकिंग डिविजन ने 29.09.2015 को रुपये 150 करोड़ के बासेल-III अनुपालित बैंक के अतिरिक्त टियर बांड जारी किया है। निर्गम के लिए बैंकर के संबंध में डिबेंचर ट्रस्टी और

मर्चेंट बैंकर के रुप में सेबी द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र बैंक धारण करता है जिसके तहत नियामक शर्तों के अनुसरण में बैंक द्वारा परिभाषित कार्य और उतरदायित्वों का निर्वाह किया जाता है ।

सरकारी व्यवसाय

सरकारी व्यवसाय के तहत, बैंक सरकारी व्यावसायिक गतिविधियों को निम्नलिखित प्रकार चलाती है:

- केन्द्र सरकार के राजस्व का संग्रहण जैसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर (सीबीडीटी, सीबीईसी और सीमा शुल्क) बैंक की प्राधिकृत शाखाओं द्वारा भौतिक रूप से और सभी शाखाओं में ईमोड (इंटरनेट बैंकिंग) के माध्यम से किया जाता है।
- राज्य के राजस्व एवं करों (सेल्स टैक्स, वैट, प्रोफेशनल टैक्स आदि), ऑन लाइन और ऑफलाइन दोनों से संग्रहण करना।
- पीएमजेडीवाई (पीपीएफ, एससीएसएस, सुकन्या समृद्धि खाता, बचत बॉण्ड, मुद्रास्फीति सूचकांक बॉण्ड, सार्वभौमिक गोल्ड बॉन्ड, अटल पेंशन योजना आदि) जैसे सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सरकारी जमा का संग्रहण करना।
- सरकारी कोष का संचालन (विभागीय मंत्रालयों के खातों, राज्य सरकार के ट्रेजरी परिचालन)
- स्कूल शिक्षकों के वेतन एवं सभी प्रकार के पेंशन का भुगतान (केंद्र सरकार, राज्य सरकार और विभिन्न स्वायत्त संगठनों)।

पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने ग्राहकों के पंजीकरण एवं भारत के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में पंजीकरण प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए बैंक एवं 1094 शाखाओं को प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपीएसपी) सेवा प्रदाता के तौर पर सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी, एनएसडीएल प्रणाली के लिए अधिकृत किया है।

असंगठित क्षेत्र तथा आर्थिक रूप से वंचित लोगों के लिए एनपीएस लाइट / स्वावलंबन योजना में अंशदाता पंजीकरण प्रक्रिया के कार्यान्वयन हेतु सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी, एनएसडीएल प्रणाली में एनपीएस लाइट संग्रहण केंद्र(एनएलसीसी) के रूप में बैंक की 1400 शाखाओं का पंजीकरण किया गया है । बैंक ने एनपीएस / एनपीएस लाइट / स्वावलंबन योजना के तहत समाज के असंगठित वर्ग से 8356 अंशदाताओं का पंजीकरण किया है।

भारत सरकार द्वारा जून, 2015 में एक नए सामाजिक सुरक्षा योजना अर्थात् अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरूआत की गई है। यह समाज के असंगठित क्षेत्रों के आयु समूह (18-40) वर्ष के बीच के लोगों के लिए एक विशेष रूप से निर्धारित पेंशन योजना है। इससे उनकी उम्र 60 वर्ष हो जाने पर वृद्धावस्था आय को सुरक्षित करने के लिए मासिक पेंशन के रूप में रू (1000-5000) प्राप्त किया जाएगा ।

इस नए पेंशन योजना के तहत ग्राहकों का नामांकन करने के लिए हमारी सभी शाखाएं अधिकृत हैं। इस वर्ष के दौरान उक्त योजना के तहत लगभग 35000 ग्राहकों को नामांकित किया गया है। इस योजना ने मौजूदा स्वावलंबन योजना का स्थान ले लिया है।

प्रधान कार्यालय में स्थापित केन्द्रीकृत पेंशन प्रसंस्करण केंद्र (सीपीपीसी) द्वारा रू 1.04 लाख से अधिक केन्द्रीय सिविल, दूरसंचार, डाक, राजनैतिक, रेलवे और रक्षा पेंशनरों को पेंशन का वितरण का काम संभाल रही हैं।

पेंशनरों में आवश्यक सूचना के प्रसार की सुविधा के लिए, बैंक की वेबसाइट पर एवं पेंशन संवितरण करने वाली शाखाओं में 'पेंशनर्स चार्टर' प्रदर्शित किया गया है। बैंक ने पेंशनरों के लिए डिजिटल की सुविधा की भी शुरूआत की है जहां पेंशनर शाखा में गए बिना ही डिजिटली अपना वार्षिक तौर पर अपना लाइफ प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है,अगर उनका खाता आधार के साथ संयुक्त है तो।

ऑन लाइन पेंशन शिकायत निवारण तंत्र बैंक के वेबसाइट पर उपलब्ध है। बैंक के वेबसाइट पर पेंशनरों की वेतन पर्ची भी उपलब्ध हैं।

बैंक एवं एजेंसी द्वारा किए जा रहे सरकारी व्यवसाय से होने वाले कारोबार के संबंध में उक्त व्यवसाय से वित्तीय वर्ष के दौरान क्रमशः राशि रू 42,693.21 करोड़ एवं रू 42.93 कमीशन अर्जित किया गया। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सरकारी व्यापार से अर्जित कमीशन निम्नलिखित प्रकार से है:

व्यापार का प्रकार	कारोबार (टीओसी) अर्जित (रु करोड़)
	2015 - 16
कर	2.32
पेंशन	19.92
स्कूल वेतन	12.69
ट्रेजरी	6.60
पीपीएफ, एससीएसएस, एसएसए, एपीवाई, बांड और एसडीएस	0.75
डीएमए	0.65
कुल	**42.93**

आस्ति गुणवत्ता और जोखिम प्रबंधन

आर्थिक मंदी के कारण मांग में कमी आ जाने और परियोजनाओं के कार्य रुक जाने के कारण उधारकर्ताओं को ऋण चुकाने में समस्या होती है तथा अशोध्य ऋण बढ़ जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परिचालित गहन आस्ति गुणवत्ता की समीक्षा (एक्यूआर) से पता चला कि लंबे समय से बैंकों के पास तनावग्रस्त आस्तियां अवरूद्ध हैं । इसके अलावा, बैंकों को यह सुनिश्चित करना अपेक्षित है कि स्वीकरण और प्रावधान के संबंध में वे आम तौर पर एक जैसे हैं, भले ही व्यक्तिगत मामले में वे एक दूसरे से अलग हों ।

अड़ियल उधारकर्ताओं से लगातार अनुवर्तन,तनावग्रस्त आस्तियों की निगरानी एवं दुर्लभ खातों के लिए सख्त उपाय अपनाने के बावजूद भी, बैंक बढ़ रहे एनपीए स्तर रू.9471 करोड़ जो कि कुल अग्रिम का 13.26% है, को रोकने के लिए सक्षम नहीं था।

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा तनावग्रस्त आस्तियों के वसूली हेतु बड़ा कदम उठाकर सीमित अवधि को सरल बनाते हुए 5 लाख से कम के बकाया के साथ एनपीए के एकबारगी निपटान (ओटीएस) हेतु प्रस्ताव दिया था। आम जनता में जागरूकता फैलाने हेतु बैंक ने कदम उठाते हुए चूक उधारकर्ताओं के प्रतिष्ठानों के सामने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हुए रोड शो करने का फैसला किया है।

आस्ति गुणवत्ता

बैंक ने आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण प्रतिशत के संदर्भ में आरबीआई के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है, पिछले वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कुल एनपीए अनुपात 9.49% की तुलना में 31.03.2016 तक 13.26% है। निरपेक्ष संदर्भ में 31.03.2016 तक बैंक का सकल एनपीए अनुपात रु 9471 करोड़ है। 31.03.2015 तक बैंक के कुल एनपीए 6.22% की तुलना में 31.03.2016 को 9.04% रहा। वित्तीय वर्ष 2014-2015 में बैंक के नए स्लिपेज रू.4087 की तुलना में 2015-16 में रू.5011 करोड़ की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

वर्ष के दौरान नकदी वसूली रू.541 करोड़ और उन्नयन रू.349 करोड़ था, बैंक के प्रावधान कवरेज अनुपात में 31.03.2015 तक के 58.50% की तुलना में 31.03.2016 में 56.36% तक बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2015-16 के दौरान तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों में रू.110 करोड़ की वसूली की गई है।

बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक व्यापक वसूली नीति है जो कि वसूली और एनपीए के कटौती जैसा कि एकबारगी भुगतान (ओटीएस), प्रभारित आस्तियों की बिक्री, आस्ति विनिर्माण कंपनियों (एआरसी) को बिक्री इत्यादि के लिए सभी प्रकार से व्यापित है। बैंक ने वर्ष के दौरान कम मूल्य वाले एनपीए खाते जो कि 5 लाख से कम के बकाया की वसूली के लिए सरल दिशानिर्देश लेकर आया है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक रू.553 करोड़ का एनपीए एआरसी को बिक्री करने को तरजीह दी है।

पूंजी एवं आरक्षित निधियां

31 मार्च, 2016 तक बैंक का निवल मालियत रु 4685.14 करोड़ निर्धारित किया गया था। बैंक की कुल चुकता पूंजी रु 839.52 करोड़ और आरक्षित निधियां और अधिशेष रु 4999.67 करोड़ था। मार्च, 2016 तक बैंक में सरकार की शेयरधारिता 82% रही।

(रु. करोड़)

पूंजी की संरचना	मार्च 2016		मार्च 2015	
	बासेल-II मानदण्ड	बासेल-III मानदण्ड	बासेल-II मानदण्ड	बासेल-III मानदण्ड
जोखिम भारित परिसंपत्तियाँ	73079	69249	66798	65882
टीयर 1 पूंजी	5797	5008	5021	5117
जिसमें से सीईटी 1 पूंजी	5660	NA	5021	NA
टीयर 1 अनुपात (%)	7.93	7.23	7.52	7.77
जिसमें से सीईटी 1 अनुपात (%)	7.74	NA	7.52	NA
टीयर 2 पूंजी	1572	2235	2034	2404
टीयर 2 अनुपात (%)	2.15	3.23	3.05	3.65
कुल पूंजी	7369	7243	7055	7521
सीआरएआर (%)	10.08	10.46	10.57	11.42

पूंजी पर्याप्तता अनुपात टीयर 1 के 7.93% के अनुपात के साथ बासेल के मानदण्डों के तहत मार्च, 2016 में 10.08% और सीईटी 1 अनुपात 7.74% निर्धारित किया गया। पूंजी पर्याप्तता अनुपात टीयर 1 के 7.26% के अनुपात के साथ बासेल के मानदण्डों के तहत मार्च, 2016 में 10.46% निर्धारित किया गया। बैंक के पास व्यवसाय वृद्धि की गति को समर्थन करने हेतु पूंजी बढ़ाने के लिए टीयर 1 और टीयर 2 विकल्पों के तहत पर्याप्त हेडरुम उपलब्ध हैं ।

जोखिम प्रबंधन

इस बैंक की अपनी एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली है जो यह सुनिश्चित करती है कि जिस जोखिम की आशंका है वह परिभाषित जोखिम सीमा के भीतर है और उसका पर्याप्त रूप से निराकरण किया गया है। विभिन्न जोखिमों, जिसमें बैंक की संभावनाएं है, को क्रियान्वित करने के लिए, बैंक के पास पुख्ता जोखिम प्रबंधन आर्किटेक्चर है, जिसमें जोखिम प्रबंधन संरचना, जोखिम प्रबंधन नीतियां और जोखिम प्रबंधन कार्यान्वयन और निगरानी प्रणाली शामिल है।

जोखिम प्रबंधन ढांचा:

बैंक के जोखिम सीमा के निर्धारण की समग्रतः जिम्मेदारी और प्रभावी जोखिम प्रबंधन का दायित्व बैंक के निदेशक मंडल और शीर्षस्थ प्रबंधन पर है। बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बैंक ने एक बोर्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसका नाम निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबीओडी) है। यहां बैंक के विभिन्न जोखिम प्रबंधन कार्यो एवं गतिविधियों का पर्यवेक्षण करने के लिए शीर्ष कार्यपालकों की कुछ अन्य आंतरिक समितियां भी हैं, जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को)

बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) ब्याज दर और चलनिधि जोखिमों की रणनीतिक प्रबंधन के लिए एक निर्णय लेने योग्य समिति है । एल्को की वर्ष में 12 बार बैठकें हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई जैसे, ब्याज दरों के परिदृश्य, जमा और अग्रिम दोनों के लिए उत्पाद मूल्य, वृद्धिशील आस्तियों एवं देयताओं के अपेक्षित परिपक्वता रुप रेखा, बैंक नीधियों की मांग, बैंक के आधार दर का पुनर्निर्धारण, बैंक के नकद प्रवाह, लाभ योजना और समग्र तुलनपत्र प्रबंधन ।

परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) पर बैंक की परिचालन जोखिम की निगरानी करने और एक स्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली के अभिकल्पन एवं निर्वाह द्वारा परिचालन जोखिम के निवारण हेतु मूल्यांकन एवं आवश्यक कदम उठाने का दायित्व है। यह सुनिश्चित करती है कि परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति के मानदंडो, नीतियों एवं दिशानिर्देशों का दृढ़ता पूर्वक पालन किया जा रहा है। परिचालन जोखिम दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए ओआरएमसी की 08 बार बैठकें हुई ।

ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) बैंक के व्यापक आधार पर ऋण नीति, प्रक्रिया और विश्लेषण, प्रबंध और नियंत्रण ऋण जोखिम से संबंधित विभिन्न ऋण जोखिम के पहलुओं की निगरानी करता है । परिचालन जोखिम के दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए वर्ष के दौरान समिति की 07 बार बैठकें हुई ।

जोखिम प्रबंधन की नीतियां:

विभिन्न जोखिमों जैसे ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, चलनिधि जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम और स्तंभ जोखिमों, पर चर्चा करने और ऐसे जोखिमों, जिसमें बैंक की संभावनाएं हैं, को पहचानने, प्रबंधित करने एवं उसके निवारण हेतु, बैंक ने विभिन्न जोखिम प्रबंधन नीतियां तैयार की हैं। इस प्रकार के जोखिमों से निपटने के लिए बैंक के निदेशक मंडल द्वारा ऋण नीति, आईसीएएपी पर नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, व्यवसाय लाइन मैपिंग नीति, आस्ति देयता प्रबंधन नीति, निवेश नीति, प्रकटीकरण नीति, ऋण लेखा नीति, तनाव परीक्षण नीति, और ऋण जोखिम निवारण तकनीक और संपार्श्विक प्रबंधन पर नीति आदि प्रमुख नीतियां विकसित एवं अनुमोदित की गई हैं ।

ऋण जोखिम:

ऋण जोखिम से निपटने के लिए बैंक ने एक ऋण नीति तैयार की है जिसमें ऋण जोखिम संबद्ध समस्त परिचालन क्षेत्रों को शामिल करते हुए ऋण प्रबंधन के नीतिगत दिशानिर्देश निर्धारित हैं। यह नीति बैंक को अपने ऋण संविभाग में एक नियमित और स्वस्थ विकास के लिए नीतिगत ढांचे द्वारा निर्देशित ऋणगत निर्णयों के द्वारा जोखिम प्रबंधन क्षमताओं की वृद्धि करने के लिए सक्षम बनाती है।

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुयोजन में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं, समूह उधारकर्ताओं, प्रवेश स्तरीय निवेश मानदंड, पर्याप्त निवेश सीमा, बेंचमार्क वित्तीय अनुपात, उधारकर्ता मानकों, उद्योगों के लिए निवेश सीमा / अधिकतम सीमा, संवेदनशील क्षेत्रों, मूल्यांकन वर्ग आदि विभिन्न प्रकार की विवेकाधिकार सीमा का निर्धारण किया है। वर्ष के दौरान इस प्रकार की सीमाओं को बोर्ड द्वारा समीक्षित किया गया है।

वर्ष के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक / बैंक के बोर्ड द्वारा तय की गई निवेश सीमा/अधिकतम सीमा के भीतर बैंक के विभिन्न निवेशों को सुनिश्चित करने के लिए छमाही आधार पर विभिन्न निवेश मानदंडों का विव्लेषण किया गया है।

बैंक ने जोखिम मूल्यांकन कार्य से स्वतंत्र अपने ऋण मूल्याकंन कार्य का निर्धारण किया है। ऋण खातों का आंतरिक जोखिम मूल्याकंन, ऋण प्रस्तावों का आंकलन एवं उधारकर्ता के मूल्याकंन करने वाले एक सॉफ्टवेयर आधारित मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से किया जाता है।

बैंक ने वर्ष के दौरान, बैंक के ऋण संविभाग पर विशेष उद्योग/क्षेत्र के प्रभाव का अध्ययन करने और ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए रणनीतियों को अपनाने और संकेन्द्रण जोखिम के संभावित प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए, त्रैमासिक अंतराल पर ऋण संविभाग विश्लेषण का आयोजन किया।

वर्ष के दौरान, बैंक ने भी एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष और चार वर्षों की समय सीमा के लिए स्थिरता दर, उन्नयन दर, निम्न कोटि निर्धारण दर एवं चूक दर का विश्लेषण करने के लिए छमाही अंतराल पर अपने उधारकर्ताओं का मूल्यांकन स्थानानंतरण विश्लेषण करने का कार्य शुरू किया है एवं संविभाग की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई की गई है।

बाजार जोखिम:

संलग्न वित्तीय विवरणियां परम्परागत लागत के आधार पर तैयार की गई हैं और अन्यथा उल्लेख किए हुए को छोड़कर, लाभकारी कारोबार वाले संस्थान की अवधारणा के अनुरूप और भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा परिपाटी (जी ए ए पी) लागू सांविधिक प्रावधानों, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित नियामक मानदंडों, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आई सी ए आई) द्वारा जारी प्रयोज्य अधिदेशात्मक लेखा मानकों (ए.एस)/मार्गदर्शी नोटों/उदघोषणाओं और भारतीय बैंकिंग उद्योग में विद्यमान चलन के अनुरूप है ।

2. प्राक्कलन का उपयोग

वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए वित्तीय विवरणों की तिथि तक रिपोर्ट की गई आस्ति एवं देयताओं तथा रिपोर्टिंग अवधि के आय व्यय पर विचार करने के उद्देश्य से प्रबंधन को प्राक्कलन एवं अनुमान करना होता है। प्रबंधन यह समझता है कि वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रयुक्त प्राक्कलन विवेकपूर्ण एवं तर्क सम्मत है।

3. आय और व्यय निर्धारण

3.1 यदि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो तो राजस्व और व्यय का हिसाब उपचय के आधार पर किया गया है।

3.2 अनर्जक आस्तियों पर आय का हिसाब उपचय के आधार पर किया गया है और अनर्जक आस्तियों पर वसूली के आधार पर किया गया है। इस वर्ष वसूली हुई राशि प्रथमतः अवमानक आस्तियों पर आय के रूप में विनियोजित की गई है। संदिग्ध, हानि आस्तियों और दायर मुकदमा के अधीन तथा डिक्री हो चुके खातों से हुई वसूली/प्राप्त राशि को प्रथमतः बकाया शेष स्वरूप विनियोजित किया गया।

3.3 जिन अग्रिमों पर आय वसूली नहीं हो सकी और जिन्हें अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है उनको प्रत्यावर्तित कर दिया गया है।

3.4 कमीशन (सरकारी लेन देन एवं बैंक एश्योरेंस को छोड़कर) विनिमय, दलाली, दावा, लॉकर किराया और शेयरों पर लाभांश से प्राप्त आय का हिसाब नकद के आधार पर किया गया।

3.5 पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन राशि को भी नकद के आधार पर हिसाब किया गया है।

4. विदेशी मुद्रा लेन–देन

4.1. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं को छोड़कर प्रत्येक मुद्रा में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं का पुनर्मूल्यांकन, तुलन पत्र की तारीख को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ द्वारा घोषित स्पॉट दर पर किया गया है। बकाया वायदा विनिमय का पुनर्मूल्यांकन भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ द्वारा घोषित फॉरवार्ड दर पर किया जाता है। पुनर्मूल्यांकित राशि और संविदागत राशि के अंतर को यथास्थिति लाभ या हानि के रूप में चिह्नित किया गया है।

4.2. आय एवं व्यय की मदों को लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर के अनुसार किया गया है।

4.3. गारंटी के साथ साथ स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों और अन्य बाध्यताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ, द्वारा घोषित क्लोजिंग स्पॉट दर पर निभाया गया है।

4.4. "विदेशी विनिमय दर पर परिवर्तनों के प्रभाव पर" ए एस 11 के अनुसार बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय का वर्गीकरण अभिन्न वैदेशिक परिचालन स्वरूप किया गया है।

4.5. आरंभिक निर्धारण हो जाने पर अभिन्न विदेशी परिचालन से संबंधित विदेशी मुद्रा लेनदेन को रिपोर्टिंग मुद्रा में दर्ज किया गया है और लेनदेन की तारीख को विदेशी मुद्रा राशि में रिपोर्टिंग मुद्रा और विदेशी मुद्रा विनिमय दर के बीच लागू करते हुए किया गया है।

4.6. परम्परागत लागत पर चलाई जाने वाली विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग लेनदेन की तारीख को विनिमय दर का उपयोग करते हुए की गई है।

5. निवेश

5.1 वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण के उद्देश्य से निवेशों को निम्नांकित छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है जैसा कि बैकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची के फार्म ए में निर्धारित है :–

क) सरकारी प्रतिभूतियाँ
ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ
ग) शेयर
घ) डिबेंचर एवं बॉन्ड
ङ) सहायक/संयुक्त उद्यम
च) अन्य

5.2 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मार्गदशी सिद्धांतों के अनुसार बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की निम्नांकित श्रेणियाँ बनाई गई है :

क) "परिपक्वता तक धारित"– इसमें परिपक्वता तक धारण के उद्देश्य से प्राप्त निवेश शामिल है।

ख) "व्यापार हेतु धारित" – इसमें व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त निवेश शामिल है।

ग) "बिक्री के लिए उपलब्ध"– इसमें उक्त (क) एवं (ख) से इतर निवेश शामिल है।

निवेश का वर्गीकरण अभिग्रहण के समय किया गया है :

5.3 निवेश अभिग्रहण की लागत का निर्धारण :

क) प्रतिभूतियों के अभिदान हेतु प्राप्त ब्रोकरेज, कमीशन एवं प्रोत्साहनों को प्रतिभूति की लागत से काटा जाता है।

ख) प्रतिभूतियों की प्राप्ति हेतु प्रदत्त ब्रोकरेज, कमीशन इत्यादि को राजस्व व्यय माना जाता है।

ग) बैंक द्वारा निवेश लेनदेन के बारे में निपटान तिथि का अनुसरण किया जाता है।

5.4. निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक निर्धारित आय मुद्रा बाजार तथा डेरिवेटिव्स एशोसिएसन (एफ आई एम ए डी ए) के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार बैंक द्वारा निपटान तारीख का अनुसरण किया जाता है :

क) परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)

i) परिपक्वता तक धारित वर्ग के अंतर्गत निवेश अभिग्रहण लागत पर किया गया है।जब बही मूल्य अंकित मूल्य / प्रतिदेय मूल्य से अधिक होता है तो प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि पर परिशोधित कर दिया जाता है।

ii) ग्रामीण आधारभूत विकास निधि, अल्पकालीन सहकारी ग्रामीण पुन:वित्त निधि, मध्यम लघु माइक्रो उद्दम पुन:वित्त निधि, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक लि., ग्रामीण आवास विकास निथि, राष्ट्रीय आवास बैंक लि. माइक्रो फाइनेन्स विकास एवं इक्विटी निधि, नाबार्ड में (शेयर के रूप में वर्गीकृत) में किए गए निवेशों का मूल्यांकन वहन लागत के आधार पर किया गया है।

iii) प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में किए गए निवेश का मूल्यांकन वहन लागत के आधार पर किया जाता है।

iv) उद्यम पूंजी में निवेश का मूल्यांकन वहन लागत के आधार पर किया जाता है।

ख) "व्यापार के लिए धारित" एवं "बिक्री के लिए उपलब्ध"

क	**सरकारी प्रतिभूतियों** **1. केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियाँ** **2. राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ**	**एफ आई एम एम डी ए द्वारा** प्रकाशित कीमत पर। एफ आई एम एम डीए/भा. रि. बैंक के दिशानिर्देश के अनुसार आधार प्रतिफल वक्र पर उपयुक्त कीमत लागत अंतर को जोड़ते हुए परिपक्वता प्रतिफल के **आधार पर।**
ख	बट्टाकृत लिखत (ट्रेजरी बिल, कमर्शियल पेपर एवं जमा प्रमाण पत्र)	वहन लागत पर
ग	**बॉन्ड एवं डिबेंचर**	**एफ आई एम एम डी ए/आर बी आई के दिशा निर्देशों के अनुसार आधारभूत प्रतिफल वक्र पर उपयुक्त ऋण विस्तृति को जोड़ते हुए परिपक्वता तक प्रतिफल (वाई टी एम) होने के आधार पर।**
घ	**इक्विटी** **i) कोट की गई** ii) कोट नहीं की गई	 **बाजार मूल्य पर** **अंतिम तुलन पत्र (एक वर्ष से अधिक पूराना नहीं) के अनुसार विश्लेषित मूल्य पर, अन्यथा प्रति कंपनी 1 रूपए पर।**
ङ	अधिमानी शेयर	यदि कोट किया गया है तो बाजार मूल्य पर अथवा एफ आई एम एम डी ए/भा.रि. बैंक के दिशानिर्देशानुसार आधार अर्जन वक्र पर उपयुक्त कीमत लागत अंतर (मार्क अप) को जोड़ते हुए परिपक्वता प्रतिफल के आधार पर
च	प्रतिभूति प्राप्ति/उद्यम पूंजी निधि	एफ आई एम डी ए/भा.रि.बैंक के दिशानिर्देशानुसार शुद्ध आस्ति मूल्य (एन ए वी) पर
छ	म्यूचुअल फंड	यदि कोट किया हुआ है तो बाजार मूल्य पर तथा कोट नहीं किया गया है तो पुनर्खरीद मूल्य/शुद्ध आस्ति मूल्य (एन ए वी) पर

5.5 व्यापार के लिए धारित श्रेणी से प्रतिभूतियों का स्थानांतरण भा.रि. बैंक के दिशा निर्देशानुसार निदेशक मंडल के अनुमोदन से किया जाता है ।

5.6. व्यापार के लिए धारित एवं बिक्री के लिए उपलब्ध श्रेणी की प्रत्येक स्क्रिप मासिक आधार पर अथवा यथा प्रावधान इससे भी कम अंतराल पर बाजार के लिए चिह्नित की जाती है। प्रत्येक श्रेणी के तहत शुद्ध मूल्य ह्रास यदि है तो इसका प्रावधान किया जाता है एवं शुद्ध मूल्य वृद्धि ,यदि कोई है तो इसे अनदेखा किया जाता है।

5.7. लागत एवं अंकित मूल्य में अंतर होने के कारण शून्य कूपन बॉन्ड से प्राप्त आय का निर्धारण समय के अनुपात के आधार पर किया जाता है।

5.8. किसी भी श्रेणी में निवेश की बिक्री पर हुए लाभ अथवा हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया जाता है । किन्तु परिपक्वता तक धारित श्रेणी में निवेश की बिक्री पर हुए लाभ की स्थिति में वर्ष के अंत में लाभ के बराबर राशि का विनियोजन प्रारिक्षत पूँजी खाता में किया जाता है। प्रतिभूतियों की बिक्री पर अधिशेष/घाटे का हिसाब करने के लिए भारित औसत (वेटेड एवरेज) पद्धित अपनाई जाती है।

5.9. बिक्रय हेतु धारित श्रेणी में धारण अवधि का हिसाब करने के लिए प्रथम आओ प्रथम पाओ (एफ आई एफ ओ) पद्धति लागू की गई है ।

5.10. सभी निवेश उपयुक्त प्रावधानीकरण/आय के अवनिर्धारण (डिरिकॉगनिशन) के अध्यधीन है। यह गैर निष्पादित निवेश (एनपीआई) वर्गीकरण हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानकों के अनुरूप है। अनर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में मूल्यह्रास/प्रावधान को अन्य अर्जक प्रतिभूतियों से संबंधित अधिमूल्यन के बदले समंजित नहीं किया गया है।

5.11. व्यापार अथवा वायदा व्यापार के व्युत्पन्न लेनदेन किया जाता है और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देश के अनुसरण में मूल्यांकन किया जाता है ।

5.12. रेपो और रिवर्स रेपो लेनदेन के हिसाब के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विहित मानक पद्धित का बैंक द्वारा अनुपालन किया जाता है ।

6. आस्ति पुनर्निर्धारण कंपनी (एआरसी)/ प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) को बेची गई वित्तीय आस्तियां

6.1 यदि वित्तीय आस्तियां ए आर सी/ए सी को शुद्ध बही मूल्य से ऊंची कीमत पर बेची गई है तो अतिरिक्त प्रावधान का प्रत्यावर्तन नहीं किया गया है बल्कि उसे ए आर सी/ए सी को बेची गई अन्य वित्तीय आस्तियों से हुई कमी को पूरा करने के लिए उपयोग में लाया गया है। यदि बिक्री शुद्ध बही मूल्य से कम कीमत पर हुई है तो उपलब्ध अधिशेष (यदि हो) को समायोजित करने के बाद उस कमी को लाभ और हानि खाते के नामे लिखा गया है।

6.2 आस्ति पुर्ननिमाण कंपनी प्रतिभूतिकरण कंपनी को बेची गई वित्तीय आस्तियों का निर्धारण बैंक खाते में ऐसे विक्रय के लिए उस आस्ति पुर्ननिमाण कंपनी/प्रतिभूतिकरण कंपनी द्वरा सृजित न्यास द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद के मोचन मूल्य से कम कीमत पर उस ऐसी वित्तीय आस्तियों के शुद्ध मूल्य की कीमत पर किया गया है।

6.3 बैंक बही में प्रतिभूति प्राप्तियों को गैर एस एल आर में निवेश के रूप में वर्गीकृत किया गया है और तदनुरूप गैर एस एल आर के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मूल्यांकन, वर्गीकरण और अन्य मानदंड लागू किए गए हैं।

6.4 एआरसी/एस सी को बेची गई बट्टा कृत आस्तियों के मामले में नकदी आगम को आय माना गया है ।

7. अग्रिम

7.1. अग्रिमों का वर्गीकरण अर्जक और अनर्जक आस्तियों के आधार पर किया गया है तथा उन पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुरूप प्रावधान किया गया है ।

7.2. अनर्जक आस्ति का उल्लेख प्रावधानों और ऋण गारंटी संस्थाओं से प्राप्त दावे के रूप में किया गया है । अर्जक आस्तियों हेतु प्रावधानों को अन्य देयताएं प्रावधान के अंतर्गत दिखलाया गया है ।

7.3 अर्जक आस्तियों के लिए किया गया प्रावधान अन्य देयता एवं प्रावधान शीर्ष के तहत प्रदर्शित है ।

7.4. अग्रिमों को पुनर्गठन एवं तत्संबंधी प्रावधान भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गनिदेश के अनुरूप किया गया है ।

8. अचल आस्तियां और मूल्यहास

8.1. परिसर (इसमें पट्टे पर लिया गया परिसर भी शामिल हैं) और अन्य अचल आस्तियां तथा चल रहे पूंजीगत कार्य को परंपरागत लागत पर लिया गया है । पुनर्मूल्यांकित की स्थिति में यह पुनर्मूल्यांकित राशि के रूप में उल्लिखित है और बढ़ी हुई कीमत को पुनर्मूल्यांकित प्रारक्षित में जमा किया गया है ।

8.2 पट्टे पर ली गई आस्तियों को पट्टे की अवधि के लिए परिशोधन किया गया है ।

8.3. कंप्यूटर और स्वचालित टेलर मशीन (ए टी एम) के अतिरिक्त अन्य आस्तियों पर मूल्यहास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची के अंतर्गत, 5% अवशिष्ट मूल्य रखने के बाद किया गया है ।

प्रत्येक वर्ष पुनर्मूल्यांकित प्रारक्षित से सामान्य प्रारक्षित को आस्ति के पुनर्मूल्यांकित भाग पर मूल्य हास राशि के बराबर राशि अंतरित की गई है ।

8.4. कंप्यूटरों, स्वचालित टेलर मशीन (ए टी एम) एवं सॉफ्टवेयरों पर मूल्यहास का हिसाब उसकी अभिग्रहण तिथि से आनुपातिक आधार पर सीधी रेखा पद्धित से 33.33 प्रतिशत की दर से भा.रि.बैंक के दिशानिर्देश के अनुसार किया गया ।

8.5. अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) पर यदि कोई अनर्जक हानि हुई है, तो उसे अनर्जक आस्तियों पर लेखांकन मानक ए.एस 28 के अनुरूप चिह्नित किया गया है ।

9. सरकारी अनुदान के लिए लेखांकन

ए.एस-12 के अनुसार प्राप्त सरकारी अनुदान/ सहायकी को बही मूल्य तक पहुंचाने के संबंध में आस्तियों के सकल मूल्य में कटौती के रूप में किए गए अनुदान/दिखाकर तुलन पत्र प्रस्तुत किया गया है । लाभ एवं हानि खाते में अनुदान/सहायकी को मूल्यहास अस्तियों के उपयोगी जीवन काल पर मूल्यहास प्रभार में कटौती के द्वारा किया गया है ।

राजस्व प्रकृति से प्राप्त किए सरकारी अनुदान सहायकियों को लाभ एवं हानि खाते में उसी वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त संबंधित लागत, यदि कोई हो, तो उसमें कटौती करते हुए स्वीकृत किया गया है, अन्यथा उपयुक्त को संबंधित वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् यदि प्राप्त हो, अन्य आय के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

10. कर्मचारियों की सुविधाएं

10.1 कर्मचारियों के लाभों की पहचान “कर्मचारी लाभ” के अंतर्गत ए.एस-15 के अनुसार की गई है ।

10.2 कर्मचारियों को दी जाने वाली अल्पावधिक सुविधाओं अर्थात अवकाश किराया रियायत एवं चिकित्सा सहायता की माप लागत पर की गई है ।

10.3 कर्मचारियों को दी जाने वाली दीर्घावधिक सुविधाएं तथा सेवानिवृत्ति के बाद की सुविधाएं जैसे आनुतोषिक, पेंशन और छुट्टी नकदीकरण की माप वार्षिक तृतीय पक्ष बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर पूर्वानुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति द्वारा बट्टा आधार पर की गई है ।

10.4 जिन कर्मचारियों ने भविष्य निधि योजना का विकल्प दिया है उनका निर्धारित अंशदान एक मान्यता प्राप्त न्यास में डाल दिया जाता है । जिन्होंने पेंशन का विकल्प दिया है, उनकी पेंशन निधि का अंशदान बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित होता है ।

10.5 तुलन पत्र में दीर्घावधि कर्मचारी सुविधाएं वर्तमान दायित्वों को दर्शाती हैं जिन्हें अतीत के गैर मान्यता प्राप्त सेवा लागत के लिए समायोजित (यदि कुछ है तो) किया हुआ है और जैसे कि योजना आस्ति के उचित मूल्य से कम करके (जहां भी लागू होना योग्य है) लाभ हानि लेखा में मान्यता प्राप्त स्तर तक बीमांकिक लाभ हानि के रूप में दर्शाया गया है ।

10.6 पेंशन सुविधा सहित दीर्घावधि कर्मचारी सुविधाओं से संबंधित संक्रमणकालीन देयता को पांच वर्ष में सीधी रेखा आधार पर एक व्यय के रूप में दर्शाया गया है ।

10.7 भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र के अनुरूप सार्वजनिक बैंकों के कर्मचारियों के लिए पेंशन विकल्प की सुविधा दुबारा देने और उपादान सीमा बढ़ोत्तरी विवेकपूर्ण नियामक आचरण संबंधी व्यय में पांच वर्ष के लिए परिशोधन किया जा रहा है ।

11. कराधान

कर के हिसाब के अंतर्गत आय पर कर का प्रावधान ए एस 22 के अनुसार चालू एवं आस्थगित करों दोनों के लिए किया गया है ।

12. प्रावधान, आकस्मिक देयता और आकस्मिक आस्तियां

प्रावधान, आकस्मिक देयता और आकस्मिक आस्तियों पर ए एस 29 के अनुसार बैंक निम्नांकित को मान्यता देता है :

(क) प्रावधानों को तभी चिह्नित किया जाता है तब पूर्ववर्ती घटना के परिणाम स्वरूप कोई वर्तमान दायित्व रहता है और यह संभव है कि आर्थिक सुविधाओं से युक्त संसाधनों का कोई प्रवाह किसी दायित्व के लिए जरूरी हो और जब दायित्व की मात्रा के लिए एक विश्वसनीय आकलन किया जा सके।

(ख) आकस्मिक देयता मान्यता प्राप्त/पिछले घटना के संभव दायित्व है, जोकि अस्तित्व में नहीं है और पूरी तरह बैंक के नियंत्रण में एक या एक से अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं की घटना/ गैर घटना की पुष्टि करता है। आकस्मिक देयता मान्यता प्राप्त /खुलासा अतीत की घटनाओं से एक वर्तमान दायित्व है, क्योंकि दायित्व या दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान व्यवस्थित करने के लिए आर्थिक लाभ समाविष्ट संसाधनों का बहिर्वाह के सुदूर संभावना से मान्यता प्राप्त नहीं है ।

(ग) आकस्मिक आस्तियां वित्तीय विवरण में मान्यता प्राप्त नहीं है ।

13. शुद्ध लाभ

निम्नलिखित के लेखांकन के बाद ही शुद्ध लाभ किया गया है :

(क) कराधान का प्रावधान

(ख) मानक आस्तियों पर प्रावधान करना

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक विवेकपूर्ण मानकों के अनुसार अनर्जक आस्तियों एवं मूल्यह्रास पर प्रावधान

(घ) अन्य सामान्य तथा आवश्यक प्रावधान करना ।

31.03.2016 को यह अनुसूची– 17 का अंश है

पि. श्रीनिवास
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

संजय आर्य
कार्यपालक निदेशक

के.वी राममूर्ती
कार्यपालक निदेशक

अर्णव राय
निदेशक

ए. के. डोगरा
निदेशक

प्रत्यूष सिन्हा
निदेशक

रेणुका मुट्टू
निदेशक

एस.सूर्यनारायण
निदेशक

संजय कुमार
महाप्रबंधक एवं सीएफओ

परिशिष्ट में दी गई समसंख्यक तारीख की हमारी अलग रिपोर्ट अनुसार

मेसर्स रामामूर्ती (एन) एंड कंपनी	**मेसर्स नंदी एंड एसोसिएटस**	**मेसर्स पी.सी.बिंदल एंड कं**	**मेसर्स एस.पी.एम.आर एंड एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार	सनदी लेखाकार	सनदी लेखाकार	सनदी लेखाकार
एफआरएन 002899एस	एफआरएन 309090ई	एफआरएन 003824एन	एफआरएन 007578एन
सी. ए. सुरेंद्र नाथ भारती	**सी. ए. सौमेन नंदी**	**सी.ए. समीत गुप्ता**	**सी. ए. प्रमोद कुमार माहेश्वरी**
भागीदार	भागीदार	भागीदार	भागीदार
एम.सं.: 023837	एम.सं.:059828	एम.सं.: 093783	एम.सं.: 085362

दिनांक : 17.05.2016

स्थान : कोलकाता

अनुसूची 18 :

टिप्पणियां जो 31 मार्च 2016 को को समाप्त वर्ष का लेखा का अंश है

1. विदेशी शाखाओं, भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों के शेष की पुष्टि/समाधान, नास्ट्रो खातों, देय ड्राफ्ट, समाशोधन अंतर, अंतर कार्यालय समायोजन आदि का कार्य निरंतर प्रगति पर है। प्रबंधन की राय में, वित्तीय विवरणों पर लंबित समाशोधन/उपरोक्त का सामांजस्य समग्र प्रभाव, यदि कोई हो पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव होने की संभावना नहीं है।

2 .1 **पूंजी**

क)

₹ करोड़ में

विवरण	बासेल-III समाप्त वर्ष		बासेल-II समाप्त वर्ष	
	31.03.2016	**31.03.2015**	**31.03.2016**	**31.03.2015**
I) आम इक्विटी टीयर 1 पूंजी अनुपात (%)	7.74	7.52	लागू नहीं	लागू नहीं
ii) टीयर 1 पूंजी अनुपात (%)	7.93	7.52	7.23	7.77
iii) टीयर 2 पूंजी अनुपात (%)	2.15	3.05	3.23	3.65
iv) कुल पूंजी अनुपात (सीआरएआर) (%)	10.08	10.57	10.46	11.42
v) बैंक की इक्विटी पूंजी में भारत सरकार की हिस्सेदारी का प्रतिशत	82.00%	82.00%	82.00%	82.00%
vi) जुटाई गई इक्विटी पूंजी की राशि (रूपये रु करोड़ में)	0	300.00	0	300.00
vii) जुटाई गई टीयर 1 पूंजी की राशि; जिनमें से	150	शून्य	150	शून्य
क) -पीएनसीपीएस:	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) -पीडीआई	150	शून्य	150	शून्य
viii) जुटाई गई टीयर 2 पूंजी की राशि; जिसमें से (रूपये करोड़ में)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क) ऋण पूंजी लिखत :	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) अधिमान शेयर पूंजी लिखत :	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

ख) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, बैंक को पूंजी निवेश के लिए भारत सरकार से 30.03.2016 को रु480 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। 31.03.2016 तक, बैंक द्वारा इसका रखरखाव शेयर एप्लीकेशन मनी पेंडिंग एलोट्मेंट के रुप में किया जा रहा है । बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पत्र सं. DBR.No.BP. 12716/21.01.002/2015-16 दिनांक 06.04.2016 के माध्यम से दी गई अनुमति के अनुसार इस राशि को 31.03.2016 तक सामान्य इक्विटी टियर1 (सीईटी1) पूंजी निधि के रुप में माना है।

ग) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, बैंक ने सितम्बर, 2015 में प्रत्येक रु10.00 लाख के अंकित मूल्य के बेसल अनुपालित गैरपरिवर्तनीय बेमीयादी बॉण्ड (कुल 1500) जारी करके रु. 150.00 करोड़ की अतिरिक्त टियर1 पूंजी जुटाई है।

2.2 निवेश ₹ करोड़

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
1 निवेशों का मूल्य	44934.03	43440.04
i) निवेशों का कुल मूल्य		
क) भारत में	44934.03	43440.04
ख) भारत से बाहर	शून्य	शून्य
ii) मूल्यह्रास का प्रावधान	210.64	194.55
क) भारत में	210.64	194.55
ख) भारत से बाहर	शून्य	शून्य

₹ करोड़ में

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
iii) निवेशों का शुद्ध मूल्य	44723.38	43245.49
क) भारत में	44723.38	43245.49
ख) भारत से बाहर	शून्य	शून्य
2 निवेशों पर मूल्यह्रास विषयक प्रावधानों का उतार-चढ़ाव		
i) आरंभिक शेष	194.55	251.16
ii) जोड़ : वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	123.49	69.98
iii) घटाव : वर्ष के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रावधान का बट्टाखाताकरण / प्रतिलेखन	107.40	126.59
iv) अंतिम शेष	210.64	194.55

क) भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. DBR.BP.BC.No. 31/21.04.018/2015-16 दिनांक 16 जुलाई, 2015 के अनुसार, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण में हुई कमी से निपटने के लिए नाबार्ड/सिडबी/एनएचबी के पास रखी गई कुल रु3819.02 करोड़ (पिछले वर्ष रु3357.62 करोड़) की जमाराशि को निवेश से हटा कर तुलन पत्र के अनुसूची11 के तहत अन्य आस्तियां के उप शीर्ष अन्य के अन्तर्गत शामिल किया गया है । अब तक इन्हें निवेश के अन्तर्गत ही शामिल किया जाता है। इन जमाराशियों से अर्जित ब्याज को अर्जित ब्याज अन्य के तहत शामिल किया गया है। पिछले ऐसे अर्जित ब्याज को अर्जित ब्याज निवेश पर आय के अन्तर्गत शामिल किया गया था । स्पष्टीकरण में किये गये उपर्युक्त परिवर्तन का 31 मार्च, 2016 को समाप्त तिमाही और वर्ष या दर्शायी गई पिछली अवधि में बैंक के लाभ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

ख) भारत सरकार की उदय (उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंश योजना) योजना के अनुसार, ऊर्जा मंत्रालय ने वर्ष 2015-16 के दौरान बिजली वितरण कंपनियों के परिचालन एवं वित्तीय टर्न एराउंड हेतु बैंकों ने गैरएसएलआर राजस्थान सरकार के एसडीएल बॉन्ड रु231.78 करोड़ का अंशदान दिया है तथा जयपुर एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगम के डिस्कॉम बॉन्ड के रूप में रु150 करोड़ का अंशदान दिया है । आरबीआई परिपत्र सं. DBR.BP.BC.No.11637/21.04.132/2015-16 दिनांक 17.03.2016 के अनुसार और इसके बाद परिपत्र सं. DBR.BP.BC.No. 14186/21.04.132/2015-16 दिनांक 11.05.2016 द्वारा स्पष्टीकरण देते हुए बताया गया है कि डिस्कॉम बॉन्ड को गैरएसएलआर एसडीएल बॉन्ड के रूप में 31 मार्च, 2017 तक रूपांतरित कर दिया जाएगा । रूपांतरित ना होने के मामले में उसे एनपीए के रूप में पुनर्संरचना की तारीख से एनपीए के रुप में वर्गीकृत किया जाएगा और उसके लिए प्रावधान किया जाना है।

2.2.1 रेपो लेनदेन (अंकित मूल्य के रूप में):

₹ करोड़ में

विवरण	वर्ष के दौरान न्यूनतम बकाया	वर्ष के दौरान अधिकतम बकाया	वर्ष के दौरान दैनिक औसत बकाया	31.03.2016 तक बकाया
रेपो के अंतर्गत बेची गई प्रतिभूतियां				
क) सरकारी प्रतिभूतियाँ	84.94 (15.00)	251.64 (1929.00)	22.70 (262.78)	0.00 (584.00)
ख) कारपोरेट ऋण प्रतिभूतियाँ	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)
प्रत्यावर्तित रेपो के तहत खरीदी गई प्रतिभूतियाँ				
क) सरकारी प्रतिभूतियाँ	36.48 (25.00)	371.96 (8700.00)	6.86 (474.77)	0.00 (140.00)
ख) कारपोरेट ऋण प्रतिभूतियाँ	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)

कोष्ठक में विगत वर्ष के आंकड़े पिछले वर्ष के आंकड़े हैं

2.2.2 गैर-एस एल आर निवेश संविभाग

(i) गैर-एस एल आर निवेशों के जारीकर्ता संघटन ₹ करोड़ में

क्र.सं	जारीकर्ता	राशि	निजी नियोजन की सीमा	निम्न श्रेणी की प्रतिभूतियों में निवेश की सीमा	अश्रेणीकृत प्रतिभूतियों की सीमा	असूचीगत प्रतिभूतियों की सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	1100.17	1100.17	0.00	150.00	168.11
		(1282.75)	(1282.75)	(0.00)	(0.00)	(14.66)
2	वित्तीय संस्थाएं	383.82	383.82	0.00	0.00	9.63
		(3357.62)	(3357.62)	(0.00)	(0.00)	(3357.62)
3	बैंक	5789.19	5789.19	0.00	64.30	68.15
		(5570.54)	(5570.54)	(0.00)	(36.97)	(40.82)
4	निजी कंपनियां	1096.01	1096.01	0.00	0.00	104.31
		(1491.52)	(1491.52)	(0.00)	(20.00)	(53.70)
5	अनुषंगी/संयुक्त उद्यम	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		(0.00)	(0.00)	(0.00)	(0.00)	(0.00)
6	अन्य (एमएफ/सीपी/सीडी)	555.96	555.96	0.00	231.78	550.96
		(74.78)	(74.78)	(0.00)	(0.00)	(59.38)
7	मूल्यह्रास/एनपीआई हेतु	210.64	0.00	0.00	0.00	0.00
	प्रावधान	(194.55)	(0.00)	(0.00)	(0.00)	(0.00)
	कुल (1 से 6) - (7)	**8714.51**	**8925.15**	**0.00**	**446.08**	**901.16**
		(11582.66)	**(11777.21)**	**(0.00)**	**(56.97)**	**(3526.18)**

कोष्ठक में विगत वर्ष के आंकड़े दिए गए हैं

(ii) गैर निष्पादित गैर-एसएलआर निवेश: ₹ करोड़ में

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
आरंभिक शेष	199.55	181.70
वर्ष के दौरान वृद्धि	35.90	59.28
वर्ष के दौरान कमी	68.75	41.44
अंतिम शेष	166.69	199.54
किए गए कुल प्रावधान	**128.55**	**110.63**

2 .2.3 **परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी की बिक्री एवं अंतरण**

(क) वर्ष के दौरान, 449.49 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 257.48 करोड़ रुपए) की बही मूल्य की प्रतिभूति को एचटीएम श्रेणी से बिक्री की गई.

(ख) वर्ष के प्रारम्भ में (अर्थात13.04.2015) बैंक ने रु.1859.05 करोड़ (बही मूल्य रु.1861.73 करोड़) मूल्य के अंकित मूल्य वाले केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियों को और रु.1260.90 करोड़ (बही मूल्य रु.1264.72 करोड़) अंकित मूल्य वाले राज्य सरकार की प्रतिभूतियों को परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) को बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस) वर्ग में अंतरित कर दिया है तथा इसी प्रकार बैंक ने रु1585.79 करोड़ (बही मूल्य रु1680.75 करोड़) के अंकित मूल्य वाले राज्य सरकार की प्रतिभूतियों को एएफएस से एचटीएम वर्ग में अंतरित कर दिया है । यह निदेशक मंडल के अनुमोदन से किया गया है।

(ग) वर्ष के आरम्भ में, एचटीएम श्रेणी (मुक्त हस्तांतरण को छोड़कर) के निवेश से 5% बही मूल्य से कम की प्रतिभूतियों को बिक्री एवं हस्तांतरण नहीं किया गया।

2.2.4 **विदोशी मुद्रा से संबंधित लेनदेन**

बांग्लादेश (बीडीटी 23,03,236.26 जो भारतीय रूपये 15.80 लाख के बराबर है) की मुद्रा को छोड़कर प्रत्येक मुद्रा में तुलन पत्र की तारीख पर पुनर्मूल्यन कर विदेशी मुद्रा डीलर एसोसिएशन (एफईडीएआई) द्वारा घोषित क्लोजिग स्पोट दर के अनुसार मौद्रिक संपत्ति और देयताएं, बकाया वायदा विनिमय संविदा को छोड़कर, हाजिर दरों की अनुपलब्धता के कारण अनुमानिक मूल्य आंका गया है ।

2 .3 **व्युत्पन्न (डेरिवेटिव्स)**

2 .3.1 **वायदा दर करार / ब्याज दर स्वैप**

₹ करोड़ में

क्र.सं.	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
(i)	स्वैप करार के आनुमानिक मूलधन	शून्य	शून्य
(ii)	प्रतिपक्षों करार के तहत अपने दायित्व को पूरा करने में विफल रहने पर हुई हानि	शून्य	शून्य
(iii)	स्वैप करने पर बैंक द्वारा मांगे गए संपार्श्विक	शून्य	शून्य
(iv)	स्वैप से उत्पन्न ऋण जोखिम का सकेंद्रीकरण	शून्य	शून्य
(v)	स्वैप बही का उचित मूल्य	शून्य	शून्य

2.3.2 विनिमय व्यापारकृत ब्याज दर व्युत्पन्नी

₹ करोड़ में

क्र.सं.	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
(i)	वर्ष के दौरान बकाया विनिमय व्यापार संबंधी ब्याज दर व्युत्पन्नों का आनुमानिक मूलधन (लिखतवार)	शून्य	शून्य
(ii)	31 मार्च, बकाया विनिमय व्यापारकृत ब्याज दर व्युत्पन्नों का आनुमानिक मूलधन (लिखितवार)	शून्य	शून्य
(iii)	बकाया अल्प प्रभावी विनिमय व्यापारकृत ब्याज दर व्युत्पन्नों का आनुमानिक मूलधन (लिखतवार)	शून्य	शून्य
(iv)	बकाया एवं अल्प प्रभावी विनिमय व्यापारकृत ब्याजदर व्युत्पन्नों का चिह्नित बाजार मूल्य (लिखतवार)	शून्य	शून्य

2.3.3 **व्युत्पन्नों में जोखिम निवेशों का प्रकटीकरण :**

क. गुणात्मक प्रकटीकरण

क) बैंक ने व्यापार (एरबीट्रेज) और बचाव के उद्देश्य से मुद्रा वायदे में व्युत्पन्नी लेनदेन किया है।

ख) व्युत्पन्नी लेनदेनों के जोखिम प्रबंधन संगठन के तीन कार्य क्षेत्र हैं, अर्थात –

i) लेनदेनों के लिए फ्रॉन्ट ऑफिस;

ii) जोखिम प्रबंधन एवं रिपोर्टिंग के लिए मिड-ऑफिस और

iii) निपटान, सुलह एवं लेखांकन के लिए बैक ऑफिस

ग) मिड – ऑफिस द्वारा जोखिम उपाय, रिपोटिंग एवं निगरानी कार्य किए जाते हैं। निदेशक मंडल बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर एम सी बी ओ डी) के माध्यम से व्युत्पन्नी लेनदेन समेत बैंक के समग्र जोखिम उपाय, निगरानी एवं रिपोर्टिंग कार्य के पर्यवेक्षण के लिए सर्वोच्च इकाई है। बैंक आंतरिक जोखिम प्रबंधन समिति, एलको, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति (ओ आर एम सी) तथा निवेश विषयक आंतरिक समिति (आई सी आई) के माध्यम से जोखिम प्रबंधन की आंतरिक रूप से निगरानी करता है।

घ) बोर्ड ने एकीकृत ट्रेजरी नीति का अनुमोदन किया जिसमें ऋण जोखिम, परिचालनात्मक जोखिम एवं व्युत्पन्नी लेनदेन संबंधी विपणन जोखिम से बचाव करने / उसे कम करने हेतु अंतर्निहित बचाव उपायों की पहचान की गई है। ग्राहकों से संबंधित व्युत्पन्नी लेनदेन काउंटरपार्टी बैंकों से समान रकम एवं समान अवधि के लिए दुतरफा आधार पर प्रारक्षित है तथा ऐसे लेनदेन के लिए बैंक को कोई बाजार जोखिम नहीं होता है। हालांकि समीक्षाधीन वर्ष में बैंक ने अपने पोर्टफोलियों के बचाव हेतु किसी व्युत्पन्नी उत्पाद का इस्तेमाल नहीं किया है।

ङ) यह नीति बचाव एवं गैर-बचाव लेनदेनों, आय पहचान के लिए लेखांकन तथा विशिष्ट संविदाओं के लिए मूल्यांकन प्रविधि निर्धारित करती है। आय निर्धारण विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव के अनुसार ए एस-11 तथा समय-समय पर भा. रि. बैंक / एफ ई डी ए आई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। एकीकृत ट्रेजरी नीति भी ऋण जोखिम कम करने के लिए विभिन्न सीमाएँ निर्धारित करती है, जैसे-ग्राहक स्तर की सीमाएँ, व्यापार सदस्य स्तर की सीमाएँ, शुद्ध मुक्त स्थिति सीमाएँ।

ख) परिमाणात्मक प्रकटीकरण

₹ करोड़ में

		31.03.2016 को समाप्त वर्ष		31.03.2015 को समाप्त वर्ष	
क्र.सं.	विवरण	मुद्रा	ब्याज दर	मुद्रा	ब्याज दर
		व्युत्पन्नी	व्युत्पन्नी	व्युत्पन्नी	व्युत्पन्नी
(i)	व्युत्पन्न (आनुमानिक मूलधन की राशि)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	क) हेजिंग हेतु	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ख) व्यापार हेतु	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(ii)	बाजार स्थिति के लिए चिह्नित (1)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	क) आस्ति (+)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ख) देयता (-)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(iii)	ऋण निवेश (2)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(iv)	ब्याज दर में एक प्रतिशत परिवर्तन का संभावित प्रभाव (100* पीवी 01)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	क) बचाव व्युत्पन्नों पर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ख) व्यापार व्युत्पन्नों पर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(v)	वर्ष के दौरान देखी गई 100* पीवी 01 का अधिकतम एवं न्यूनतम	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	क) हेजिंग पर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ख) व्यापार पर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

2.4 आस्ति गुणवत्ता

2.4.1 अनर्जक आस्तियां

₹ करोड़ में

क्र.सं.	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
(i)	शुद्ध अग्रिम का शुद्ध अनर्जक आस्ति (%)	9.04%	6.22%
(ii)	अनर्जक आस्तियों (सकल) में उतार-चढ़ाव		
क)	आरंभिक शेष	6552.91	7118.01
ख)	वर्ष के दौरान वृद्धि	5011.05	4087.17
ग)	वर्ष के दौरान कमी	2092.95	4652.27
घ)	अंतिम शेष	9471.01	6552.91
(iii)	शुद्ध अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव		
क)	आरंभिक शेष	4081.38	4664.11
ख)	वर्ष के दौरान वृद्धि	2919.68	3308.86
ग)	वर्ष के दौरान कमी	890.35	3891.59
घ)	अंतिम शेष	6110.71	4081.38
(iv)	अनर्जक आस्तियों के प्रावधान में उतार-चढ़ाव (मानक आस्तियों के प्रावधान को छोड़कर)		
क)	आरंभिक शेष	2430.68	2399.24
ख)	वर्ष के दौरान योग	1769.17	792.12
ग)	वर्ष के दौरान कमी	848.10	760.68
घ)	अंतिम शेष	3351.75	2430.68

2.4.2 खातों का विवरण

पुनर्गठित खातों का प्रकटीकरण (31.03.2016 तक की स्थिति)

₹ करोड़ में

क्रम सं.	पुनर्गठन के प्रकार		सीडीआर तंत्र के तहत					एसएमई ऋण पुनर्गठन तन्त्र के तहत					अन्य					कुल				
	आस्ति का वर्गीकरण / ब्योरा		मानक	अव मानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल
1	वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल तक पुनर्गठित खाता (प्रारम्भिक शेष)	उधारकर्ताओं की संख्या	43	3	6	0	52	342	51	1920	2	2315	2063	201	6012	5	8281	2448	255	7938	7	10648
		बकाया राशि	4583.31	307.22	366.66	0	5257.18	111.26	64.89	108.08	0.01	284.24	3781.40	453.63	391.58	0.10	4626.71	8475.97	825.74	866.32	0.11	10168.14
		उस पर प्रावधान	379.59	23.34	11.70	0	414.63	3.59	2.16	1.41	0	7.16	143.84	28.27	4.18	0	176.29	527.02	53.77	17.29	0	598.08
2	वर्ष के दौरान नये पुनर्गठित	उधारकर्ताओं की संख्या	0	0	0	0	0	93	4	0	0	97	4	1	0	0	5	97	5	0	0	102
		बकाया राशि	0.00	0.00	0.00	0	0.00	22.54	1.69	0	0	24.23	937.63	384.25	0.00	0	1321.88	960.17	385.94	0	0	1346.11
		उस पर प्रावधान	0.00	0.00	0.00	0	0.00	1.00	0.08	0	0	1.08	0.00	0.00	0.00	0	0.00	1.00	0.08	0	0	1.08
3	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्गठित मानक श्रेणी में उन्नयन	उधारकर्ताओं की संख्या	0	0	0	0	0	8	-4	-4	0	0	83	-26	-57	0	0	91	-30	-61	0	0
		बकाया राशि	0.00	0.00	0.00	0	0	21.20	-20.76	-0.44	0	0	2.90	-1.21	-1.69	0	0	24.10	-21.97	-2.13	0	0
		उस पर प्रावधान	0.00	0.00	0.00	0	0	1.07	-1.05	-0.02	0	0	0.15	-0.06	-0.09	0	0	1.22	-1.11	-0.11	0	0
4	वित्तीय वर्ष के अन्त में पुनर्गठित अग्रिम जिसमें उच्च प्रावधान रुक गया है और अथवा अतिरिक्त जोखिम भारित किया गया है उसे अगले वित्त वर्ष के आरम्भ पुनर्गठित मानक अग्रिम के रुप में प्रदर्शित करने आवश्यकता न हो	उधारकर्ताओं की संख्या	0				0	0				0	0				0	0				0
		बकाया राशि	0				0	0				0	0				0	0				0
		उस पर प्रावधान	0				0	0				0	0				0	0				0

पुनर्गठित खातों का प्रकटीकरण (31.03.2016 तक की स्थिति)

₹ करोड़ में

क्रम सं.	पुनर्गठन के प्रकार		सीडीआर तंत्र के तहत					एसएमई ऋण पुनर्गठन तन्त्र के तहत					अन्य					कुल				
	आस्ति का वर्गीकरण																					
	ब्योरा		मानक	अव मानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल
5	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्गठित खातों का निम्नकरण	उधारकर्ताओं की संख्या	-18	12	6	0	0	-38	-1	39	0	0	-93	63	30	0	0	-149	74	75	0	0
		बकाया राशि	-1631.65	956.93	674.71	0	0	-22.37	-13.04	35.41	0	0	-638.54	607.37	31.17	0	0	-2292.56	1551.26	741.29	0	0
		उस पर प्रावधान	-27.88	22.87	5.01	0	0	-1.14	0.36	0.78	0	0	-3.61	3.08	0.53	0	0	-32.63	26.31	6.32	0	0
6	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्गठित खातों को बट्टे खाता में डालना	उधारकर्ताओं की संख्या	1	1	4	0	6	41	11	396	2	450	349	113	1011	1	1474	391	125	1411	3	1930
		बकाया राशि	0.00	25.70	312.41	0	338.11	5.27	10.24	18.75	0.01	34.27	381.91	267.32	158.62	0.03	807.88	387.18	303.26	489.78	0.04	1180.26
		उस पर प्रावधान	323.21	23.03	11.70	0	357.94	0.11	0.59	0.21	0	0.91	80.92	27.89	1.02	0	109.83	404.24	51.51	12.93	0	468.68
7	वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक पुनर्गठित खाते (लेखाबंदी आंकड़े)	उधारकर्ताओं की संख्या	24	14	8	0	46	364	39	1559	0	1962	1708	126	4974	4	6812	2096	179	6541	4	8820
		बकाया राशि	2951.66	1238.45	728.96	0	4919.07	127.36	22.54	124.30	0	274.20	3701.48	1176.72	262.44	0.07	5140.71	6780.50	2437.71	1115.70	0.07	10333.98
		उस पर प्रावधान	28.50	23.18	5.01	0	56.69	4.41	0.96	1.96	0	7.33	59.46	3.40	3.60	0	66.46	92.37	27.54	10.57	0	130.48

*मानक पुनर्गठित अग्रिम के आंकड़े को छोड़कर उच्च प्रावधानीकरण या जोखिम भार को आकृष्ट नहीं करता है (यदि लागू हो तो)

1. बैंक प्रबंधन द्वारा प्रमाणित संकलित और छूट सहित हैं।
2. मानक आस्ति रु10 लाख से अधिक और एन पी ए रु 1 करोड़ से अधिक 31.03.2016 तक एन पी वी पद्धति द्वारा पुनर्गठित आस्ति पर आर्थिक मात्रा का त्याग किया गया। शेष आस्तियों के लिए आर्थिक त्याग बकाया शेष कर 5 प्रतिशत की दर से किया गया।
3. आरबीआई परिपत्र सं. डीबीआर.एनओ.बीपी.बीसी.27/21.04.018/2015-16 दिनांक 2 जुलाई 2015 के अनुसरण में ऋणों के पुनर्गठन के बाद उन ऋणों के उचित मूल्य के निर्धारण में क्षरण के मात्रा का सटीक आकलन करने हेतु मजूदा नगदी प्रवाह के शुद्ध मान की संगणना के लिए बट्टे की दर का हिसाब किये जाने के तरीका बदल दिया गया। तदनुरूप 31 मार्च 2016 की समाप्ती पर उचित मूल्य के लिए प्रावधान को कम करके रूपये 467.61 करोड़ किया गया है।

2.4.3 आस्ति पुनर्निर्माण के लिए प्रतिभूतिकर्ता/पुनर्गठन कंपनी को बेची गई आस्तियों/वित्तीय आस्तियों का ब्योरा ₹ करोड़ में

	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
क)	खातों की संख्या	10	शून्य
ख)	एससी/आरसी को बेचे गए खातों का कुल मूल्य (कुल प्रावधान)	357.35	शून्य
ग)	कुल प्रतिफल	386.90ा	शून्य
घ)	विगत वर्षों में अंतरित खातों के संबंध में वसूल किए गए अतिरिक्त प्रतिफल	3.40	शून्य
ङ)	शुद्ध बही मूल्य पर कुल लाभ (हानि)	(+) 32.95	शून्य

विवरण	अंतर्निहित रूप में बैंक द्वारा बेचा एनपीए के समर्थन से		अन्य बैंकों / वित्तीय संस्थाओं / अंतर्निहित रूप में गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा बेचा एनपीए के समर्थन से		कुल	
	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2015
सुरक्षा निवेश प्राप्तियों का बही मूल्य	255.77	शून्य	शून्य	शून्य	255.77	शून्य

2.4.4 खरीदी/बेची गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्योरा

क) खरीदी गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा ₹ करोड़ में

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
1. (क) वर्ष के दौरान खरीदे गए खातों की सं.	शून्य	शून्य
(ख) कुल बकाया	शून्य	शून्य
2. (क) इनमें से वर्ष के दौरान पुनर्गठित खातों की सं.	शून्य	शून्य
(ख) कुल बकाया	शून्य	शून्य

ख) बेची गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा ₹ करोड़ में

	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
1.	वर्ष के दौरान बेचे गए खातों की सं.	10	शून्य
2.	कुल बकाया	608.56	शून्य
3.	प्राप्त कुल प्रतिफल	386.90	शून्य

2.4.5 मानक आस्तियों पर प्रावधान ₹ करोड़ में

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
मानक आस्तियों पर प्रावधान	636.32	1060.09

2.4.6 परिसंपत्तियां गुणवत्ता की समीक्षा (एक्यूआर) पर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुपालन करते हुए, 31 दिसम्बर, 2015 और 31 मार्च, 2016 को समाप्त दो तिमाहियों में वर्गीकरण करके, बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों और आईआरएसी मानदंडों के अनुसार अग्रिमों के वर्गीकरण और प्रावधानीकरण किया है।

2.4.7 आरबीआई के पत्रांक डीबीआर.एनओ.बीपी. 13018/21.04.048/2015-16 दिनांक 12.04.2016 के अनुपालन में, बैंक ने रु 41.14 करोड़ का प्रावधान किया है, जो पंजाब राज्य सरकार द्वारा लिया गया 548.60 करोड़ रुपए के खाद्य ऋण जिसका मौजूदा बकाया निवेश दिनांक 31.03.2016 को 7.5% था ।

2.5 व्यवसाय अनुपात ₹ करोड़ में

	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
(I)	कार्यशील निधियों के सापेक्ष ब्याज–आय का प्रतिशत	7.92%	8.43%
(ii)	कार्यशील निधियों के सापेक्ष गैर–ब्याज आय का प्रतिशत	1.17%	1.42%
(iii)	कार्यशील निधियों के सापेक्ष परिचनलागत लाभ का प्रतिशत	1.44%	1.99%
(iv)	आस्तियों पर प्रतिलाभ	-0.22%	0.21%
(v)	प्रति कर्मचारी व्यवसाय (जमा + अग्रिम) (₹ करोड़ में)	12.37	11.53
(vi)	प्रति कर्मचारी लाभ / हानि (₹ लाख में)	12.09	15.98

2.6 आस्ति देयता प्रबंधन

आस्तियों एवं देयताओं की कुछ मदों की परिपक्वता–ढांचा*

₹ करोड़ में

आस्तियां/ देयताएं	1 दिन	2 से 7 दिन	8 से 14 दिन	15 से 28 दिन	29 दिन से 3 माह तक	3 माह से अधिक व 6 माह तक	6 माह से अधिक व 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक व 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक व 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	कुल
जमा	2122.18	3055.03	2110.22	1709.77	6019.23	7633.31	11174.80	20771.50	11930.87	49874.38	**116401.28**
	(1413.17)	*(2079.53)*	*(1425.33)*	*(1674.73)*	*(5655.58)*	*(5914.02)*	*(9876.22)*	*(21526.62)*	*(11192.06)*	*(48060.35)*	***(108817.60)***
अग्रिम	632.06	409.85	303.43	732.58	3743.80	4930.84	4362.13	12822.54	10486.72	29636.24	**68060.20**
	(337.70)	*(3981.69)*	*(204.50)*	*(171.10)*	*(2892.05)*	*(3059.69)*	*(3952.02)*	*(27344.75)*	*(9684.68)*	*(15134.86)*	***(66763.04)***
निवेश	2.62	74.01	164.82	302.23	3333.09	1598.75	1618.34	4430.78	5384.02	27814.72	**44723.38**
	(2.94)	*(133.76)*	*(49.14)*	*(262.91)*	*(4584.55)*	*(1111.40)*	*(1924.75)*	*(2697.77)*	*(7223.08)*	*(28612.81)*	***(46603.11)***
उधार	0.86	0.00	0.00	0.00	100.00	334.90	134.90	604.31	12.53	1725.00	**2912.51**
	(4.92)	*(260.00)*	*(324.00)*	*(0.00)*	*(300.00)*	*(210.41)*	*(200.76)*	*(812.19)*	*(369.62)*	*(1579.84)*	***(4061.73)***
विदेशी मुद्रा आस्तियां	213.48	2235.22	34.47	88.17	1073.18	1145.81	954.26	364.26	0.00	19.02	**6127.87**
	(160.01)	*(923.32)*	*(113.90)*	*(84.62)*	*(729.87)*	*(892.90)*	*(1036.89)*	*(0.00)*	*(0.00)*	*(17.94)*	***(3959.45)***
विदेशी मुद्रा देयताएं	188.09	1289.80	466.81	25.59	1704.81	1108.49	941.55	387.10	14.03	0.00	**6126.27**
	(185.88)	*(401.91)*	*(111.75)*	*(33.09)*	*(1337.73)*	*(874.89)*	*(984.08)*	*(17.89)*	*(11.92)*	*(0.00)*	***(3959.14)***

** उपर्युक्त प्रकटीकरण बैंक प्रबंधन द्वारा समेकित एवं प्रमाणित किया गया है।*
कोष्ठक में दिए गए आंकड़े विगत वर्ष की स्थिति दर्शाते हैं।

2.7 निवेश

2.7.1 स्थावर संपदा क्षेत्र में निवेश*

₹ करोड़ में

	श्रेणी	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
क)	**प्रत्यक्ष निवेश**		
i)	**आवासीय बंधक** आवासीय संपत्ति पर बंधक द्वारा पूर्ण रूप से जमानाती उधार जिसे उधारकर्ता द्वारा दखल किया गया है या किया जाएगा अथवा किराया पर है	7632.64	6498.93
	जिनमें से, व्यक्तिगत आवास ऋण जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों में शामिल होने योग्य है।	4495.48	3845.73
ii)	**वाणिज्यिक स्थावर संपदा** वाणिज्यिक स्थावर संपदाओं (कार्यालय भवन, खुदरा स्थल, बहु उद्देशीय वाणिज्यिक परिसरों, बहु किराएदारी वाणिज्यिक परिसरों, औद्योगिक अथवा मालगोदाम स्थल, होटल, जमीन अधिग्रहण, विकास एवं निर्माण इत्यादि समेत गैर निधि आधारित (एनएफबी सीमाएं) पर बंधक द्वारा जमानती ऋण।	272.40	376.88
iii)	बंधक आधारित जमानती में निवेश (एमबीएस) तथा अन्य प्रतिभूति आधारित निवेश		
क.	आवासीय	शून्य	शून्य
ख.	वाणिज्यिक स्थावर सम्पदा	शून्य	शून्य
ख)	**अप्रत्यक्ष निवेश** राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) पर निधि आधारित एवं गैर निधि आधारित निवेश	3322.76	3227.12
	स्थावर संपदा क्षेत्र में कुल निवेश	11227.80	10102.93
	*(बैंक प्रबंधन द्वारा समेकित एवं प्रमाणित)		

2.7.2 पूंजी बाजार में निवेश*

₹ करोड़ में

	विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
(i)	इक्विटी शेयरों, परिवर्तनीय बॉन्ड, परिवर्तनीय डिबेंचर एवं इक्विटी म्यूचुअल फंड जिनकी कॉरपस निधि केवल कारपोरेट ऋणों में निवेशित नही है, में किए गए प्रत्यक्ष निवेश।	121.51	141.65
(ii)	शेयरों / बोन्डों/डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों या गैर-जमानती व्यक्तियों को शेयरों (आईपीओ/ईएसओपी सहित) परिवर्तनीय बान्डों, परिवर्तनीय डिबेंचरों एवं इक्विटीमूलक म्यूचुअल फंड की इकाइयों में निवेश हेतु अग्रिम।	शून्य	शून्य
(iii)	किसी अन्य उद्देश्य के लिए अग्रिम जहां शेयर या परिवर्तनीय डिबेंचर या इक्विटीमूलक म्यूचुअल फंड की इकाइयां प्राथमिक प्रतिभूतियों के रूप में ली जाती है।	1.65	2.61
(iv)	शेयरों को संपार्श्विक प्रतिभूति या परिवर्तनीय बॉन्ड या परिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटीमूलक म्यूचुअल फंड की इकाइयों द्वारा प्रतिशत सीमा तक अन्य उद्देश्यों के लिए अग्रिम अर्थात् जहां शेयरों/परिवर्तनीय बॉन्डों/परिवर्तनीय डिबेंचरों/इक्विटीमूलक म्यूचुअल फंड की इकाइयों द्वारा अग्रिम पूर्ण प्रारक्षित नहीं है।	शून्य	शून्य
(v)	स्टॉक ब्रोकरों को जमानती एवं गैर जमानती अग्रिम तथा स्टॉक ब्रोकरों एवं बाजार निर्माताओं की ओर से जारी गारंटियां।	शून्य	11.25
(vi)	शेयरों/बॉन्डों/डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों या संसाधनों की उन्नति हेतु नई कंपनियों की इक्विटी के पक्ष के प्रोमोटरों के योगदान की पूर्ति हेतु बेजमानती आधार पर कंपनियों को संस्वीकृत ऋण।	शून्य	शून्य
(vii)	अपेक्षित इक्विटी प्रवाह/निर्गम के पक्ष में कंपनियों को तात्कालिक ऋण।	शून्य	शून्य
(viii)	शेयरों या परिवर्तनीय बॉन्डों या परिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटीमूलक म्यूचुअल फंड के प्राथमिक निर्गम के संबंध में बैंकों द्वारा ली गई लिखित वचनबद्धताएं।	शून्य	शून्य
(ix)	मार्जिन व्यापार हेतु स्टॉक ब्रोकरों को वित्तपोषण।	शून्य	शून्य
(x)	उद्यम पूंजी निधियों (पंजीकृत एवं अपंजीकृत-दोनों) हेतु सभी निवेश	68.66	72.66
	पूंजी बाजार के कुल निवेश	**191.85**	**228.17**

*(बैंक प्रबंधन द्वारा समेकित एवं प्रमाणित)

बैंक ने 19.97 करोड़ रुपए राशि के, दो कंपनियों के शेयरों के कर्ज को इक्विटी में रूपांतरण द्वारा रणनीति कर्ज के पुनर्गठन के रूप में अधिग्रहण किया है, जिसे पूंजी बाजार जोखिम सीमा से छूट दी गई है ।

2.7.3 जोखिम श्रेणी के अनुसार देशी ऋण जोखिम

बैंक ने 31 मार्च 2016 को विभिन्न देशों के अपने ऋण जोखिम का विश्लेषण किया है तथा वैसा ऋण जोखिम बैंक की कुल आस्तियों के 1% की थ्रेसहोल्ड सीमा से कम होता है। भारतीय रिजर्व बैंक के मार्ग निर्देशों के अनुसार इस निवेश के लिए कोई प्रावधान की आवश्यकता नहीं है।

₹ करोड़ में

जोखिम श्रेणी	31.03.2016 को ऋण जोखिम (शुद्ध)	31.03.2016 को किए गए प्रावधान	31.03.2015 को ऋण जोखिम (शुद्ध)	31.03.2015 को किए गए प्रावधान
नगण्य	159.31	0.00	129.33	0.00
कम	15.02	0.00	29.55	0.00
सामान्य	3.32	0.00	6.59	0.00
उच्च	0.00	0.00	0.00	0.00
बहुत अधिक	0.00	0.00	0.00	0.00
नियंत्रित	0.00	0.00	0.00	0.00
ऋण बाह्य	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल	**177.65**	**0.00**	**165.47**	**0.00**

2.7.4 बैंक द्वारा अतिक्रमित एकल उधारकर्ता सीमा (एस बी एल)/ समूह उधारकर्ता सीमा (जी बी एल) का विवरण:

₹ करोड़ में

क्रम सं.	उधारकर्ता का नाम	ऋण जोखिम की उच्चतम सीमा		स्वीकृत सीमा		बकाया	
		31.03.2016	31.03.015	31.03.2016	31.03.015	31.03.2016	31.03.015
(क)	एकल उधारकर्ता						
(i)	सीमप्लेक्स इंफ्रास्टक्चर लि.	शून्य	942.08	शून्य	1,025.00	शून्य	782.81
(ख)	समूह उधारकर्ता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

** बैंक की वर्तमान उधार नीति के अनुसरण में, निवेश की उच्चतम सीमा को भंग करना, निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 30.05.2014 को आयोजित उनके बैठक में अनुमोदित किया गया था ।

2.7.5 गैर-जमानती अग्रिम :

₹ करोड़ में

विवरण	2015-16	2014-15
अमूर्त प्रतिभूतियों जैसे अधिकारों, अनुज्ञापत्रों, प्राधिकारी आदि पर किए गए प्रभार की एवज में अग्रिम बकाया की कुल राशि	133.31	141.83
ऐसे अमूर्त समपार्श्विक प्रतिभूतियों का अनुमानित मूल्य	186.65	200.47

2.8 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लगाया गया दण्ड

क) भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के धारा 35ए और आरबीआई निदेश सं. 3158 / 09.39.00 (नीति) 2009-10 दिनांक 19.11.2009 के तहत वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया रु.0.05 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

3. भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गनिर्देशों के संदर्भ में लेखांकन मानकों (ए एस) के अनुसार प्रकटीकरण

3.1. ए एस 5-इस अवधि में शुद्ध लाभ अथवा हानि, पूर्ववर्ती अवधि की मदें तथा लेखांकन नीतियों में परिवर्तन

वर्ष के दौरान लेखांकन नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। प्रबंधन की राय में पूर्व अवधि के मदों का प्रभाव महत्वहीन है।

3.2 ए एस 9-राजस्व मान्यता

राजस्व का निर्धारण अनुसूची 17 में प्रकटीकरण लेखांकन नीति के अनुसार किया गया है ।

3.3 ए एस 10-अचल आस्तियां के लिए लेखांकन

3.3.1 अचल आस्तियां प्रकटीकरण लेखा अनुसूची 17 में लेखांकन नीतियों के अनुसार किया गया है।

3.3.2 वर्ष के दौरान, बैंक ने बाहरी स्वतंत्र मूल्य निर्धारकों से अपनी अचल संपत्ति अनुसूची के आधार पर परिसर का पुनर्मूल्यांकन किया है। पुनर्मूल्यांकन से 346.67 करोड़ रुपए के अधिशेष हुआ है, जिसे "प्रारिक्षत और अधिशेष" के तहत "पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित" में जमा कर दिया गया है और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश के अनुसार 45 को टीयर 1 पूंजी में गणना की गई है।

3.4 **ए एस-12 सरकारी अनुदान**

वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकार से रू 0.45 करोड़ के निम्नांकित सब्सिडी / अनुदान / प्रोत्साहन प्राप्त हुआ:

(रू करोड़ में)

क्रमांक	ब्योरे	2015 - 16		2014 - 15	
		राजस्व	पूंजी	राजस्व	पूंजी
1.	सरकारी अनुदान / सब्सिडी	0.45	0.00	0.62	0.15

3.5 **ए एस -15 कर्मचारी लाभ**

कर्मचारी लाभ का लेखा संबंधी प्रकटीकरण [एएस 15 के अनुसार (संशोधित)]

₹ करोड़ में

क)	बाध्यताओं के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन	पेंशन	उपदान	अन्य लाभ *
	वर्ष के प्रारंभ तक बाध्यताओं का वर्तमान मूल्य	3543.16	466.66	159.11
	ब्याज लागत	263.75	34.20	12.45
	चालू सेवा लागत	428.75	27.84	42.51
	प्रदत्त लाभ	492.54	78.25	6.96
	बाध्यताओं पर बीमांकित हानि / (लाभ)	698.09	14.40	-44.79
	वर्ष के अंत तक बाध्यताओं का वर्तमान मूल्य	4441.21	464.84	162.32
ख)	**योजना आस्ति के उचित मूल्य में परिवर्तन**			
	वर्ष के आरंभ में योजना आस्ति का उचित मूल्य	3445.40	476.59	157.69
	योजना आस्ति पर अपेक्षित प्रतिलाभ	306.64	42.32	14.00
	नियोजक का अंशदान	967.68	34.10	1.61
	प्रदत्त लाभ	492.54	78.25	6.96
	बाध्यताओं पर बीमांकित हानि / (लाभ)	27.31	-33.51	0.0031
	वर्ष के अंत तक बाध्यताओं का उचित मूल्य	4254.49	441.24	166.35
ग)	**पूर्ववर्ती वर्ष के अंत तक बाध्यताओं का वर्तमान आकलित मूल्य**			
	वर्ष के अंत तक योजना आस्ति का उचित मूल्य	4254.49	441.24	166.35
	तुलन पत्र में मान्यता प्राप्त निधि रहित शुद्ध देयता	-186.72	-23.60	4.03
घ)	**लाभ एवं हानि में मान्यता प्राप्त व्यय**			
	चालू सेवा लागत	428.75	27.84	42.51
	ब्याज लागत	263.75	34.20	12.45
	योजना आस्ति पर अपेक्षित प्रतिफल	306.64	42.32	14.00
	वर्ष में मान्यता प्राप्त शुद्ध बीमांकिक (लाभ) / हानि	670.78	47.91	-44.79
	लाभ और हानि लेखा में निर्धारित कुल व्यय	1056.64	67.63	-3.83
ङ)	**तुलन पत्र की तिथि को मुख्य बीमांकिक अनुमान (भारित औसत के रूप में अभिव्यक्त)**			
	बट्टादर	8.00%	8.00%	8.00 %
	योजना आस्तियों पर प्रतिफल की प्रत्याशित दर	8.90%	8.88%	8.88%
	प्रयोग की गई पद्धति	**परियोजित यूनिट क्रेडिट पद्धति**		

* अन्य लाभों में अर्जित छुट्टी, आकस्मिक छुट्टी, अस्वस्थता छुट्टी एवं एल एफ सी शामिल है।

नोट : उपर्युक्त विवरण बीमा आकलनकर्ता (एक्चुअरी) की रिपोर्ट पर आधारित है।

3.6 **ए एस 17 -खंड रिपोर्टिंग**

बैंक के परिचालनों को दो प्रमुख व्यावसायिक खंडों में विभाजित किया गया है ट्रेजरी परिचालन और बैंकिंग परिचालन प्रासंगिक सूचना विहित प्रपत्र में नीचे दी गई है ।

भाग क: व्यवसाय खंड

₹ करोड़ में

व्यवसाय खंड	ट्रेजरी परिचालन		बैंकिंग परिचालन						कुल	
			कार्पोरेट / थोक बैंकिंग		खुदरा बैंकिंग		अन्य बैंकिंग परिचालन			
विवरण	31.03.16 को समाप्त वर्ष	31.03.15 को समाप्त वर्ष	31.03.16 को समाप्त वर्ष	31.03.15 को समाप्त वर्ष	31.03.16 को समाप्त वर्ष	31.03.15 को समाप्त वर्ष	31.03.16 को समाप्त वर्ष	31.03.15 को समाप्त वर्ष	31.03.16 को समाप्त वर्ष	31.03.15 को समाप्त वर्ष
राजस्व	4037	4235	4649	5064	2468	2439	19	18	11173	11756
परिणाम	1243	1301	1106	1427	887	909	19	18	3255	3655
अनावंटित व्यय									1433	1227
परिचालन लाभ									1812	2428
आयकर									(429)	198
असाधारण										
लाभ / हानि									-	-
शुद्ध लाभ / (हानि)									**(282)**	**256**
अन्य सूचना									-	-
खंड आस्तियाँ	46823	43385	47059	46986	21001	19777	-	-	114883	110148
अनावंटित आस्तियाँ									14548	12879
कुल आस्तियाँ									**129431**	**123026**
खंड देयताएँ	44764	41395	44973	44829	20067	18869	-	-	109804	105093
अनावंटित										
देयताएँ									13308	9521
कुल देयताएँ									**123112**	**123026**

भाग ख : भौगोलिक खंड – चूँकि बैंक की विदेश में कोई शाखा नहीं है, इसलिए भौगोलिक खंड में रिपोर्ट अप्रयोज्य है।

3.7 संबंधित पार्टी प्रकटीकरण (ए एस-18) (प्रबंधन द्वारा संकलित)

3.7.1 संबधित पार्टियों के नाम एवं बैंक के साथ उनका संबंध:

सहयोगी:

क्रम.सं.	नाम	
1.	असम ग्रामीण बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
2.	बंगीय ग्रामीण विकास बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
3 .	मणिपुर ग्रामीण बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
4.	त्रिपुरा ग्रामीण बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

प्रमुख प्रबंधन कार्मिक

क्रम.सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री पी. श्रीनिवास	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2.	श्री संजय आर्य	कार्यपालक निदेशक
3.	श्री के. वी. राममूर्ती	कार्यपालक निदेशक (कार्यग्रहण 29.08.2015)
4.	श्री दीपक नारंग	कार्यपालक निदेशक (सेवानिवृत्त 31.03.2015)
5.	श्री संजीब पति	निदेशक
6.	श्री ए.के.डोगरा	निदेशक
7.	श्रीमती रेणुका मुद्द	निदेशक
8.	श्री एस.सूर्यनारायण	निदेशक
9.	श्री अर्णव राय	निदेशक

प्रमुख प्रबंधन कार्मिक के रिश्तेदार :

क्रम संख्या	नाम	के रिश्तेदार :
1.	श्रीमती नीरा आर्य	श्री संजय आर्य की धर्मपत्नी

3.7.2 संबंधित पार्टी के प्रकटीकरण

(₹ करोड़ में)

मदें / संबंधित पार्टी	एसोसिएटस		प्रमुख प्रबंधन कार्मिक		प्रमुख प्रबंधन कार्मिक के रिश्तेदार		कुल	
	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2015
उधारी	2053.00	1470.00	0.410	शून्य	शून्य	शून्य	2053.41	1470.00
जमा	1197.48	4348.42	0.34	0.76	0.04	0.30	1197.86	4349.48
जमा राशि का नियोजन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अग्रिम	2053.00	1470.00	शून्य	0.11	शून्य	शून्य	2053.00	1470.11
निवेश: सामान्य शेयर सामान्य शेयर	शून्य	शून्य	कुल 400	कुल 200	शून्य	कुल 100	कुल 400	कुल 200 कुल 100
आरआरबी के शेयर	3.85	3.85	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	3.85	3.85
बॉण्डस	64.30	36.97	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	64.30	36.97
गैरवित्त पोषित प्रतिबद्धता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उठाए गए लीजिंग / एचपी व्यवस्था	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्रदान की गई लीजिंग / एचपी व्यवस्था	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अचल संपत्तियों की खरीद	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अचल संपत्तियों की बिक्री	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ब्याज का भुगतान	150.66	316.70	0.00	0.03	शून्य	शून्य	150.66	316.73
प्राप्त ब्याज	60.49	150.50	0.02	0.00	शून्य	0.03	60.51	150.53
प्रदान की जानेवाली सेवाएँ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्राप्त होनेवाली सेवाएँ:								
- पारिश्रमिक#	शून्य	शून्य	0.63	0.89	शून्य	शून्य	0.63	0.89
- बैठक शुल्क			0.15	0.06			0.15	0.06
प्रबंधन संविदा	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

प्रमुख प्रबंधन कार्मिक के लिए अदा किए गए पारिश्रमिक:

क्रम संख्या	नाम	पद	मद	वर्ष 31.03.2016 को समाप्त होने वाला वर्ष (रू मे रु)	वर्ष 31.03.2015 समाप्त हो गया (रू में रु)
1.	श्री पी श्रीनिवास	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी	वेतन और भत्ते	22,03,783.15	5,06,301.00
2.	श्री संजय आर्य	कार्यपालक निदेशक	वेतन और भत्ते	24,58,617.85	21,16,054.00
4.	श्री के वी रामामूर्ती	कार्यपालक निदेशक	वेतन और भत्ते	10,04,250.00	0.00
5.	श्री दीपक नारंग	सेवा निवृत्त कार्यपालक निदेशक	वेतन और भत्ते	5,50,000.00	21,94,130.00
6.	संजीब पति	निदेशक	वेतन और भत्ते	7,80,822.38	6,52,171.00

नकदी आधार पर कार्यनिष्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन राशि सहित ।

नोट : क) संबंधित पार्टियों की / से किसी बकाया राशि का बट्टाखाता / प्रतिलेखन नहीं किया गया ।

(ख) संबंधित पार्टियों के बकाया के संबंध के कोई प्रावधान अपेक्षित नहीं है ।

3 .8 पट्टा (एएस 19) (प्रबंधन द्वारा संकलित)

क) पट्टा किराए का निर्धारण संबंधित वर्ष में लाभ और हानि खाते के व्यय के रूप में की जाती है ।

ख) परिचालित पट्टे के लिए भविष्य में भुगतानयोग्य पट्टा किराया (प्रबंधन द्वारा संकलित एवं प्रमाणित)

(रु. करोड़ में)

क्रम संख्या	विवरण	तक	
		31.03.2016	**31.03.2015**
क	1 वर्ष से अधिक नहीं	66.98	58.92
ख	1 वर्ष से अधिक किंतु 5 साल से अधिक नहीं	228.20	201.66
ग	5 वर्ष से अधिक	182.84	182.16
	कुल	**478.01**	**442.74**
लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित राशि		83.37	76.85

i) भावी पट्टा किराया एवं किराए में वृद्धि का निर्धारण सहमत शर्तो पर होता है ।

ii) शर्त की समाप्ति पर सामान्यतया बैंक को पूर्व निर्धारित आगामी अवधि के लिए पट्टे को बढाने का विकल्प रहता है ।

3.9 20 प्रति शेयर आय (ए एस 20)

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
इक्विटी शेयर धारकों के लिए कराधान के बाद उपलब्ध शुद्धलाभ / हानि (₹ करोड़ में)	(281.96)	255.95
इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या	83,95,15,951	67,77,93,389
प्रति शेयर (रूपये) मूल एवं हल्की आय (₹)	(3.36)	3.78
प्रति शेयर (रूपये) सामान्य मूल्य (₹)	10.00	10.00

3 .10 ए एस 21 समेकित वित्तीय विवरण / ए एस 23 समेकित वित्तीय विवरणों में सहयोगी संस्थाओं में निवेश का लेखा

बैंक की कोई सहायक संस्था नहीं है और इसलिए ए एस 21 और ए एस 23 लागू नहीं होता ।

3 .11 ए एस 22 आय पर करों का लेखा

(क) वर्ष के दौरान आयकर के प्रावधान नीचे दी गई है : (रु. करोड़ में)

ब्योरे	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
टैक्स का प्रावधान	शून्य	339. 26

(ख) आस्थगित कर आस्तियों / देयताओं के मुख्य संघटक निम्नानुसार हैं : (रु. करोड़ में)

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष में	31.03.2015 को समाप्त वर्ष में
आस्थगित कर परिसंपत्तियां	705.36	263.61
कर्मचारी लाभ	0.78	143.03
अन्य वस्तुएं	355.51	120.58
स्थायी आस्तियों पर मूल्यह्रास	15.25	शून्य
अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	333.82	शून्य
आस्थगित कर देयताएँ	85.01	72.03
अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	शून्य	शून्य
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (VIII) के तहत विशेष आरक्षित	76.14	72.03
आस्ति वसूली कंपनी को आस्तियों की बिक्री पर हुई हानि	8.91	शून्य

(ग) इस बैंक ने रु. 333.82 करोड़, रु.147.90 करोड़ और रु.14.24 करोड़ की आस्तिगत कर आस्तियों की पहचान की है। इसका कारण है समय का अंतराल और इस अंतराल का कारण है डूबे हुए और संदिग्ध ऋणों के लिए कटौती के बाद भी क्रमश: अधिक प्रावधान किया जाना, मियादी ऋण पर ब्याज निधियन और खाद्य ऋणों के लिए प्रावधान। यह आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधान के अंतर्गत किया गया है। इससे पहले इसकी पहचान नहीं की गई थी।

3.12 **ए एस 28 - आस्तियों की हानि**

स्थायी आस्तियों की कोई उल्लेखनीय हानि नहीं हुई है। अतः प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है।

